राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 260
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 14 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 मेट्रो कॉलेज हेल्थ साइंसेज एंड रिसर्च में सरकारी योजनाओं पर
पेज 4 लगभग 20 दिन से लापता 14 वर्षीय छात्रा, पुलिस की ढिलाई
पेज 6 ईडी के सामने पेश हुए सुरेश रैना

## संक्षिप्त खबरें

### सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन की उद्योगपति रवि घई की पोती सानिया से सगाई

मुम्बई। पूर्व भारतीय कप्तान और क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई सानिया चंडोक से हुई है। सानिया, मशहूर उद्योगपति रवि घई की पोती हैं। घई परिवार होटल इंटरकॉन्टिनेंटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का मालिक है। सगाई का आयोजन निजी तौर पर हुआ, जिसमें दोनों परिवारों और करीबी दोस्तों ने शिरकत की। 25 वर्षीय अर्जुन तेंदुलकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं। वे घरेलू क्रिकेट में गोवा का प्रतिनिधित्व करते हैं और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं।

### भिवानी में लेडी टीचर की गर्दन काटकर हत्या

**लोहारू (भिवानी)।** हरियाणा के भिवानी में स्कूल की लेडी टीचर की गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। उसकी लाश लोहारू के सिंघानी गांव में नहर के पास खेतों में पड़ी मिली। वह 2 दिन से लापता थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसी दौरान खेत में लाश के पास खड़े लोगों पर पहाड़ी मक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिसमें एएसआई जयवीर समेत कई लोग घायल हो गए। लोगों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। बेटी की हत्या की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर गांव के बस अड्डे पर जाम लगा दिया।

# हिमाचल में हाहाकार, तीन जगह फटे बादल

### आठ पुल बहे; तीन पंचायतों से कटा संपर्क

**धर्मशाला।** हिमाचल के लाहुल-स्पीति व कुल्लू जिले में तीन स्थानों पर बादल फटने से भारी क्षति हुई है। बुधवार शाम को कुल्लू जिले के श्रीखंड महादेव के पास बादल फटने से दोगुड़ा पुल बह गया और बागीपुल बाजार को खाली करवाना पड़ा।

### चार पुल, दो मकान, पांच दुकानें, दो शेड बहे

शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की फांचा पंचायत की नंती खड्ड में बाढ़ आने से चार पुल, दो मकान, पांच दुकानें, दो शेड, सेब के बगीचे व जमीन बह गई। सात मकानों, पांच दुकानों, सात शेड व बिजली के छोटे प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा है।

कुल्लू जिले के बंजार उपमंडल के बठाहड़ की तीर्थन नदी में बादल फटने से आई बाढ़ से चार काटेज और तीन से चार वाहन बह गए। इसके बाद भीमड़वारी से बागीपुल तक के क्षेत्र को खाली करवाया गया।



### मानसून में 2031 करोड़ रुपये की क्षति, 241 की मौत

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 20 जून को मानसून के आगमन के बाद अब तक 2031 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हिमाचल प्रदेश में इस अवधि में 241 लोगों की जान गई। इनमें 126 की मौत बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने, डूबने, बिजली गिरने, सर्पदंश, करंट लगने और पेड़ या पहाड़ी से गिरने के कारण हुई है। 115 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हुई है।

### कुछ घरों को भी नुकसान हुआ

लाहुल-स्पीति जिले की मयाड़ घाटी में मंगलवार शाम बादल फटने से तीन पुल बहे हैं। कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है।

करपट, चांगुट व उडगोस नालों पर बने पुल बह गए हैं और मयाड़ नाले पर बना पुल डूब गया है।

## पुणे कोर्ट में वकील बोले- राहुल की जान को खतरा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने बुधवार को पुणे कोर्ट में कहा- राहुल की जान को खतरा है। सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राहुल के वकील मिलिंद पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा कि वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है। यह बयान मीडिया में आने के बाद कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी के वकील ने बिना उनसे बात किए या उनकी सहमति लिए कोर्ट में लिखित बयान दाखिल करके उनकी जान पर खतरे का हवाला दिया था। इस बात से राहुल की घोर असहमति है। इसलिए कल उनके वकील इस बयान को कोर्ट से वापस लेंगे। राहुल के वकील ने एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की थी- राहुल के खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए राहुल को प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी।

# राहुल ने की बिहार के मृत घोषित वोटर्स के साथ मुलाकात

### बोले-जिंदगी में पहली बार मरे लोगों के साथ चाय पी, शुक्रिया चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर बिहार के कुछ वोटर्स के साथ चाय पीने का वीडियो शेयर किया। राहुल का दावा है कि ये लोग वोटर लिस्ट में मृत घोषित किए गए हैं। राहुल ने वीडियो शेयर करते हुए एक्स पोस्ट में लिखा- जिंदगी में कई अनुभव हुए, लेकिन 'मरे हुए लोगों' के साथ चाय पीने का मौका पहली बार मिला। इस अनोखे अनुभव के लिए शुक्रिया चुनाव आयोग। यह वीडियो तब आया है, जब बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया चल रही है और विपक्ष लगातार मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप लगा रहा है। राहुल ने 7 अगस्त को आरोप लगाया था कि मतदाता सूचियों में फर्जी नाम जोड़े जा रहे हैं और उदाहरण के तौर पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाई थी।

### वीडियो में राहुल बोले- आप जिंदा, लेकिन ईसी ने मार दिया

वीडियो में राहुल लोगों से कहते हैं कि सुना है आप लोग जिंदा नहीं हैं, चुनाव आयोग ने आपको मार दिया।

जवाब में एक व्यक्ति बताता है कि यह बात उन्हें वोटर लिस्ट से पता चली। वहीं, एक व्यक्ति सिर्फ एक पंचायत में ही ऐसे 50 मामले होने का दावा करता हैं। एक वोटर ने आरोप लगाया, तेजस्वी यादव के क्षेत्र में भी कई जिंदा लोगों को मृत दिखाया गया है। लोग लिखित सबूत लेकर आए हैं और कुछ ने अपने वोट के अधिकार के लिए सुप्रीम कोर्ट में छह घंटे तक खड़े रहकर लड़ाई लड़ी।

वहीं, राहुल और पीड़ितों का कहना है कि चुनाव आयोग ने इन मामलों पर कोई जानकारी नहीं दी।



### जानिए क्या है मामला

बिहार में मतदाता सूची को ठीक करने के लिए निर्वाचन आयोग ने SIR प्रक्रिया चलाई थी। गहन पुनरीक्षण कर वोटर सूची से उन लोगों के नाम हटाने की बात हुई, जो या तो मृत हो गए हैं या फिर स्थानांतरित हो गए हैं या फिर जिसके पास एक से ज्यादा वोटर कार्ड हैं। कई संगठनों और याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं। वैध मतदाताओं के नाम भी सूची से हटा दिए गए हैं।

# कश्मीर के उरी में एक जवान शहीद

### सेना ने एलओसी पर आतंकी घुसपैठ की कोशिश नाकाम की; 13 दिन में तीसरी मुठभेड़

एजेंसी

**कश्मीर।** उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन के दौरान एक जवान शहीद हुआ है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया है। पिछले 13 दिनों में आतंकियों से सेना की यह तीसरी मुठभेड़ है।

इससे पहले 10 अगस्त को किश्तवाड़ के दुल इलाके में सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की थी। यहां भी सर्चिंग जारी है।

1 अगस्त से कुलगाम के अखल जंगलों में आतंकियों की तलाश में सर्चिंग चल रही है। यहां 2 जवान शहीद हुए हैं, 9 जवान घायल हैं। दो आतंकी भी मारे जा चुके हैं।

सुरक्षाबलों ने 2 अगस्त की सुबह पुलवामा के आतंकी हारिस नजीर डार को मार गिराया था। वो सी-कैटेगरी का आतंकी था। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे।

## दिल्ली में 9 साल की 2 बच्चियों से गैंगरेप

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में नरेला क्षेत्र के लामपुर इलाके में बन रहे एक स्विमिंग पूल में दो बच्चियों के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। दोनों बच्चियों की उम्र 9 साल का आसपास है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक स्विमिंग पूल का ठेकेदार और दूसरा केयर टेकर है। पुलिस ने बताया कि स्विमिंग पूल ऑपरेशनल नहीं है। यहां फिलहाल काम चल रहा है। इसके चलते आसपास के बच्चे यहां नहाने आ जाया करते थे। आउटर नॉर्थ डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि बच्चियों से गैंगरेप की वारदात 7 अगस्त की दोपहर हुई।

# राजस्थान के दौसा में कंटेनर में घुसी पिकअप,11 की मौत

### 10 से ज्यादा घायल, सभी यूपी के रहने वाले, खाटूश्याम से लौट रहे थे

**दौसा।** राजस्थान के दौसा में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में घुस गई। एक्सीडेंट में 7 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा और फिरोजाबाद के रहने वाले हैं। एक्सीडेंट बुधवार सुबह करीब 3.30 बजे नेशनल हाईवे-148 पर सैंथल थाना के बापी गांव में हुआ। एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि असरौली (एटा) गांव से करीब 45 श्रद्धालु दो पिकअप में खाटूश्याम गए थे। वापसी में महिलाओं-बच्चों से भरी पिकअप का एक्सीडेंट हो गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस पिकअप का एक्सीडेंट हुआ है उसमें 22 से ज्यादा श्रद्धालु थे। इनमें 10 की मौत दौसा में हुई है। वहीं, एक गंभीर घायल ने जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में दम तोड़ा है। मृतकों में पूर्वी (3), प्रियंका (25), दक्ष (12), शीला (35), सीमा (25), अंशु (26) और सौरभ (35) हैं। 4 मृतकों की पहचान नहीं हुई है।



### गंभीर घायलों का जयपुर में इलाज

हादसे के 4 घायलों को दौसा के जिला अस्पताल में, जबकि गंभीर घायलों को जयपुर के सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती किया गया है। एसएमएस में भर्ती लोगों में लक्ष्य (5), नैतिक (6), रीता (30), नीलेश कुमारी (22), प्रियंका (19), सौरभ (28), मनोज (28) व एक अन्य है।



## हैप्पी मॉर्निंग


एक महिला सुबह-सुबह बिस्तर से सीधे उठकर मेकअप कर रही थी।
तभी पति की भी आंख खुल गई।
पति- पगला गई हो क्या? सुबह सुबह मेकअप...
पत्नी- चुपचाप लेटे रहो, मुझे अपना फोन खोलना है, फेस लॉक लगा दिया था, और अब वह मुझे पहचान नहीं रहा है...!



## शायरी

दिल से निकलेगी न मर कर भी वतन की उल्फ़त
मेरी मिट्टी से भी ख़ुशबू-ए-वफ़ा आएगी

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,539.91
+304.31 (0.38%)
निफ्टी:
24,619.35
+131.95

## मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 54
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 05

# नूंह में हिंसक झड़प, गिरफ्तार 5 आरोपियों को जमानत

### सरपंच बोले- 2023 के दंगे की रंजिश में हमला किया; दूसरा पक्ष बोला-हमारे घर लूटे

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में हिंसक झड़प में गिरफ्तार किए 5 आरोपियों को जमानत मिल गई है। पांचों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया था। यहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था, लेकिन इसके बाद इन्हें फिरोजपुर झिरका के एडिशनल सिविल जज विकास की अदालत ने जमानत दे दी। इनकी पैरवी एडवोकेट हाशिम ने की।

पांचों राजस्थान में अलवर जिला के हाजीपुर के रहने वाले हैं। इनमें लुकमान (32), जुबैर (37), उमरदीन (35), सकरुल्ला खान (40) और रुस्तम (37) शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, बाकी फरार आरोपियों की तलाश के लिए 3 टीमें गठित की गई हैं।



फिलहाल इलाके में अब माहौल शांतिपूर्ण है। फिर भी एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस की 2 कंपनियां तैनात हैं। दरअसल, मंगलवार को गाड़ी खड़ी करने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। हंगामा बढ़ने पर राजस्थान बॉर्डर के थानों की पुलिस बुलाई गई, लेकिन भीड़ डेढ़ घंटे तक बेकाबू रही। इसके बाद पुलिस ने करीब 40 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में गांव मुड़ाका के सरपंच रामकिशन सैनी ने मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि पहले 2 युवकों ने टेंट व्यापारी पर बोतल से हमला किया, फिर मस्जिद से ऐलान करवाकर भीड़ जुटाई गई।

सरपंच ने आगे कहा कि भीड़ ने मकानों व दुकानों की छतों से पथराव किया, कांच की बोतलें फेंकीं और एक बाइक व दुकान में आग लगा दी। इसमें करीब 7 लोग घायल हुए।

सरपंच ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने 2023 में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हुए नूंह दंगों की रंजिश में यह हमला किया।

# सीजेआई गवई बोले-आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजें

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की।

एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी। सीजेआई ने जब मामले की सुनवाई पहले होने की बात कही तो, याचिकाकर्ता ने 2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कुत्तों की बेहिसाब हत्या नहीं हो सकती।



इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को डॉग बाइट्स और रेबीज के मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

# पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द, फिर जेल जाना होगा

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-एक हफ्ते में सरेंडर करे; रेसलर सागर के पिता बोले- इज्जत बची

**पानीपत/सोनीपत।** हरियाणा के दो बार के ओलिंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। जूनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियन सागर धनखड़ हत्या मामले में कोर्ट ने उसकी जमानत रद्द कर दी और 7 दिनों के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट के 4 मार्च के जमानत आदेश को पलटते हुए मृतक सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका को मंजूर किया।



सागर धनखड़ की हत्या में सुशील कुमार और उसके साथियों पर संपत्ति विवाद को लेकर हमला करने का आरोप है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, सागर की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब सुशील कुमार को पुलिस के सामने सरेंडर करना होगा। वहीं, कोर्ट के इस फैसले पर सागर धनखड़ के पिता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कोर्ट के इस फैसले से उनकी इज्जत बच गई है।

'क्रीमी लेयर'

### सुप्रीम कोर्ट में 10 अक्टूबर को सुनवाई; केंद्र ने कहा था- इसे लागू नहीं किया जाएगा

# एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है। यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को , फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी।

### 9 अगस्त, 2024- केंद्र बोला- क्रीमी लेयर लागू नहीं होगा

केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था- राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। अनुसूचित जाति को उसमें शामिल जातियों के आधार पर बांटना संविधान के अनुच्छेद-341 के खिलाफ नहीं है। 7 जजों की बेंच में शामिल जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।



# संपादकीय

## मृतकों के साथ चाय — बिहार की गर्म सुबह और 'केंचुआ'

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बिहार की सुबह इन दिनों सिर्फ़ मौसम से नहीं, सत्ता की चालों से गर्म है।
यहाँ सूरज देर से उगता है, लेकिन वोटर लिस्ट काटने का सूरज भोर से पहले ही चमकने लगता है।
गाँव-गली की चाय की दुकानों पर अब चर्चा इस पर नहीं होती कि दूध ज़्यादा डालें या पानी — बल्कि इस पर होती है कि जीवित को कब और कैसे कागज़ में मारा जाए, और मरे को कब फिर से वोटर बना दिया जाए।
इसी तपिश के बीच राहुल गांधी सात 'मृतकों' के साथ चाय पीते दिखाई दिए। न कोई तांत्रिक अनुष्ठान, न कोई हॉरर फिल्म का सीन — यह लोकतंत्र का ओपन एयर पोस्टमार्टम था।
ये वही लोग थे जिन्हें केंद्रीय चुनाव आयोग ने आधिकारिक रिकॉर्ड में कब्र में भेज दिया था, और वे गर्म चाय के घूँट लेते हुए हँसकर कह रहे थे —
'मर गए हैं बाबू, लेकिन वोट देने की हिम्मत अभी जिंदा है।+

### राहुल ने तंज कसा –

'ज़िंदगी में कई अनुभव हुए, लेकिन मृतकों के साथ चाय पीने का नहीं। इसके लिए चुनाव आयोग का धन्यवाद।'
और बिहार की यह गर्म सुबह, उस तंज की भाप में और भी तप गई।

### वोटर लिस्ट का काला खेल

विशेष गहन पुनरीक्षण में बिहार से 65 लाख नाम काट दिए गए —
- 22 लाख 'मृत' घोषित
- 36 लाख 'स्थानांतरित' या 'अनसुना'
- 7 लाख 'डुप्लिकेट' का ठप्पा

अब सवाल सिर्फ़ यह नहीं कि गलती हुई या नहीं — सवाल यह है कि यह गलती किसके पक्ष में और किसके खिलाफ हुई ?
जब आकंड़े इतने बड़े हों, तो यह 'टाइपो' नहीं होता, यह चुनावी गणित की सटीक गिनती होती है।

### विपक्ष के तीर

- दीपंकर भट्टाचार्य : 'यह दिनदहाड़े वोट चोरी है।'
- पी. चिदंबरम : 'आयोग शिकायतें नहीं सुन रहा, लोकतंत्र को वेंटिलेटर पर डाल दिया है।'
- भूपेंद्र सिंह हुड्डा : 'आयोग भाजपा के इशारे पर जनता का अधिकार काट रहा है।'

### तकनीकी 'कब्रिस्तान'

अब आयोग 'मृतकों' के नाम स्वत: हटाने के लिए इंटीग्रेटेड डेथ डेटा से लिंक करने की तैयारी में है।
विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं — बिना ठोस जांच के यह सिस्टम जीवित नागरिकों को भी 'स्वर्गीय' बना देगा।
सोचिए, आप वोट डालने जाएँ और पोलिंग बूथ पर पर्ची मिले —
आपका वोट ऊपर वाले के पास है।

### सत्ता पक्ष और 'केंचुआ

सबसे शर्मनाक यह है कि सत्ता पक्ष और उसका केंद्रीय चुनाव आयोग इस गड़बड़ी को भी बचाव के तर्क से ढक रहा है —
कभी कहते हैं 'यह तो सामान्य प्रक्रिया है', कभी 'पहले भी होता आया है।'
अरे ! चोरी पकड़ी जाए और चोर कहे 'पहले भी तो चोरी होती थी' — तो यह तर्क नहीं, गुनाह का कबूलनामा है।
आज आयोग जनता की नज़रों में उस केंचुए की तरह है जो धूप देखकर और ज़्यादा मिट्टी में घुस जाता है —
सवाल आते हैं तो पारदर्शिता में आने के बजाय और गहरे अंधेरे में चला जाता है।
जो जिंदा लोगों को मृत बता रहा है, वह लोकतंत्र की रीढ़ में दीमक डाल रहा है — और जो इसका बचाव कर रहा है, वह उसी दीमक का ठेकेदार है।

### निचोड़ – आगाह रहो, वरना अगला नंबर तुम्हारा भी हो सकता है

बिहार की सुबह गर्म है, लेकिन लोकतंत्र की नब्ज ठंडी हो चुकी है।
जब जीवित को मरा और मरे को जिंदा दिखाया जाए, तो यह महज़ गलती नहीं, यह चुनावी तंत्र का योजनाबद्ध नरसंहार है।
राहुल गांधी की मृतकों संग चाय की तस्वीर सिर्फ़ व्यंग्य नहीं, एक चेतावनी है—
'आज यह उनके साथ हुआ है, कल यह तुम्हारे साथ भी हो सकता है।'

## राहत का फैसला

सुप्रीमकोर्ट ने फिलहाल दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उन वाहन मालिकों को राहत दी है, जिनके वाहनों के खिलाफ पहले कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। दरअसल, प्रदूषण संकट के मद्देनजर इन क्षेत्रों में दस वर्ष से अधिक के डीजल व पंद्रह वर्ष से अधिक के पेट्रोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का निर्णय हुआ था। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने ऐसे वाहनों के मालिकों को राहत देते हुए अधिकारियों को दंडात्मक कार्रवाई रोकने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट एनजीटी के निर्देश को बरकरार रखने वाले 29 अक्तूबर 2018 के फैसले को वापस लेने की मांग से संबंधित याचिका पर विचार कर रहा था। दरअसल, एनजीटी के आदेश के अनुरूप ही वाहनों को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए थे। एनजीटी ने आदेशों के अनुपालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल का कोर्ट से आग्रह था कि दंडात्मक कदम रोकने के आदेश पर विचार किया जाए। कोर्ट ने इस बाबत चार सप्ताह में जवाब देने की बात कही है। दरअसल, दिल्ली सरकार की भी ऐसी मंशा थी, जिसने प्रतिबंध को अदालत में चुनौती दी थी। वास्तव में सत्ताधीशों को आशंका थी कि इस फैसले का व्यापक विरोध हो सकता है क्योंकि लोगों को औने-पौने दामों में महंगे वाहन बेचने को बाध्य होना पड़ता। जिससे उपजा आक्रोश ट्रिपल इंजन सरकार के लिये राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित हो सकता है। कोर्ट का यह भी कहना था कि केंद्र सरकार व गुणवत्ता प्रबंधन आयोग गंभीर अध्ययन करें ताकि अवधि आधारित प्रतिबंधों के मुकाबले उत्सर्जन आधारित मानदंडों का पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन हो सके। दरअसल, आम मध्यमवर्गीय परिवारों में कार का इस्तेमाल कम होता है और वे अपनी आर्थिक सीमाओं के चलते वाहनों को लंबी अवधि तक बड़े कायदे से रखते हैं। उनका वाहन अधिक वर्षों तक चलता है लेकिन उसके उपयोग की अवधि कम होती है। निस्संदेह, एक आम भारतीय के लिए कार आत्मीय अहसासों का प्रतीक भी है, जिसे वह आमतौर पर जीवन में एक बार ही खरीद पाता है। ऐसे में आत्मीय अहसासों से जुड़ी कार को औने-पौने दामों में बेचना उसके लिये कष्टकारी है। वैसे भी आजकल तमाम लोग भीड़-भाड़ से बचने के लिये टैक्सी का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में वाहन लंबे समय तक प्रदूषण रहित जीवन पा सकता है। दरअसल, दिल्ली सरकार का भी मानना था कि वाहनों की समय सीमा संबंधी नीति लागू करते वक्त इसके निर्माण वर्ष के बजाय वास्तविक इस्तेमाल के मानक पर विचार करें।

# हवा-पानी की आज़ादी के बिना आज़ादी अधूरी

- ललित गर्ग -



देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण-ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आज़ादी मतलब 'स्वस्थ हवा' पाना है। हमारे आज़ादी को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आज़ादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आज़ादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आज़ादी मिली है ?

आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज़ बनती जा रही है। 'हवा-पानी की आज़ादी' का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है।

जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंधूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बर्बादी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है।

दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'बहुत खराब' या 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना-ये सब मिलकर हवा को ज़हरीला बना रहे हैं।

भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है-तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे-अब भी खरे हैं तालाब। आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने 'अटल भूजल योजना', 'नल से जल' और 'नदी पुनर्जीवन' जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव-गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आज़ादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज़ सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।


आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु-जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है।

भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। खेती में प्रदूषकों की रोकथाम से जल संसाधनों के संकट और पारिस्थिकी तंत्र में बदलाव के संकट को कम किया जा सकता है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नियमित करके समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है। उपलब्ध जल संसाधनों तक उपभोग को सीमित करके, संसाधन पर दवाब कम किया जा सकता है।

आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है- हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोज़गारी का नहीं, बल्कि शुद्ध हवा-पानी जैसी मूलभूत जरूरतों से जुड़ी सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है। हमने अंग्रेज़ी शासन से मुक्ति पाई, लेकिन अगर हमारे बच्चे दूषित हवा में सांस लें और जहरीला पानी पिएं, तो यह कैसी आज़ादी है ? आज़ादी का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब हर नागरिक को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी मिले। 78वां स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने और भाषण देने का नहीं, बल्कि जीवनदायिनी संसाधनों की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर है। अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल पर पानी बचाने की आदत डालें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें। वर्षा जल संचयन करें। प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों का विरोध करें। वृक्षारोपण को जीवन का हिस्सा बनाएं। क्योंकि हवा और पानी की आज़ादी ही जीवन की सच्ची आज़ादी है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3620




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3619 का हल



## हंसी के फूव्वारें

कठघरे में खडे चोर से जज ने कहा, 'अजीब बात है, जब मैं वकील था तो तुमने मुर्गी चुरायी, जब मैं सरकारी वकील बना तो तुमने एक बकरी चुरायी और आज जब मैं जज बन गया हूं तो तुमने एक भैंस चुरायी आखिर ऐसा क्यों?'

चोर - हुजूर, वजह बहुत साफ है, आपके साथ-साथ मैने भी तरक्की की है.

□ □ □

मीना (रीना से) - बिना बांहों का स्वेटर तुम कितने दिनों में बना सकती हो.

रीना (मीना से)- यह तो रिश्ते पर निर्भर करता है. यदि स्वेटर प्रेमी का है तो दो दिन में, जीजा का है तो सात दिन में और यदि पति का है तो दो महीने भी लग सकते हैं.

□ □ □

एक भिखारी को बैंक में घुसते देख चौकीदार बोला, 'अरे-अरे बाबा आगे जाओ यहां कुछ नहीं मिलेगा.'


भिखारी (चौकीदार से)- अरे भैया, मै यहां कुछ लेने नहीं अपना पैसा जमा कराने आया हूं.

□ □ □

पत्नी (पति से)- कितनी बार कहा है कि अपने बालों में खिजाब लगाओ, बुड्ढे नजर आते हो.

पति (पत्नी से)- अरे भाग्यवान! अगर मैंने बालों में खिजाब लगा लिया तो लड़कियों से बेधड़क बात नहीं कर पाऊंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली-3620



### बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'बन्नो तेरी आँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी ?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी ?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3619



## सूडोकु -3620

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3619 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 3620



### बाएँ से दाएँ

1.मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3.रुई की फसल-3
5.वंश,खानदान-2
6.आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7.जी,इच्छा,चित्त-2
9.पहनना-3
11.दास,नौकर,सेवक-5
14.अग्नि,आग-3
16.चयनित,स्वीकृत-4
17.जाति,संप्रदाय-2
18.उस समय-2
19.आदत,व्यवहार-4
23.माला का मोती-3
24.लालन-पालन-5
27.पूर्णिमा-3
28.वश,अधीन-2
30.खबर देने वाला-3
31.खदान,माइन-2
32.आश्रय,पनाह-3
33.संपत्ति-4

### ऊपर से नीचे

1.घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2.धारा के बीच में,अधर में-2,2
3.आफत,आपदा-3
4.एक समान-2
5.गृहपति,चांसलर-4
6.दाना-2
8.प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10.रोकर धनराशि-3
12.प्रेम ,आसक्ति-3
13.नीर,जल-2
15.भाग्य,तकदीर-3
17.जंबुल,जांब-3
18.टेंशन,परेशानी-3
20.काया,बदन-2
21.उष्णता-3
22.नाश होने योग्य-4
23.साम्राज्ञी,रानी-3
25.रमण करने योग्य-4
26.अदा,चोंचला-3
27.पूड़ी,गोलगप्पा-2
29.पिता की बहन-2
31.उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली -3619 का हल



# नोएडा प्राधिकरण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## किसानों को दिए गए मुआवजे के मामले में एसआईटी की रिपोर्ट पर विचार किया, नई जांच का आदेश

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण में किसानों को वितरित किए गए अधिक मुआवजे के मामले में एसआईटी की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद, सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। जिसमें भूमि अधिग्रहण मुआवजे के अत्यधिक भुगतान और अधिकारियों व भू-स्वामियों के बीच कथित मिलीभगत के मुद्दे पर इंक्वायरी करने का निर्देश दिया गया।



कोर्ट ने आदेश में कहा कि नोएडा प्राधिकरण कोई भी परियोजना का निर्माण करने से पहले पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन और उसकी रिपोर्ट न्यायालय की ग्रीन बैंच के द्वारा पास की जाएगी। जिसके बाद ही निर्माण होगा। पहले गठित की गई एसआईटी के स्थान पर तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक नई एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया गया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश एक ऐसे मामले में पारित किया, जिसमें उसने नोएडा के एक विधि अधिकारी की अग्रिम ज़मानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एसआईटी जांच का आदेश दिया था। यह आदेश कुछ भूस्वामियों को हकदार न होने के बावजूद अधिक मुआवजा दिए जाने के आरोपों के बाद दिया गया था।

### क्या है एसआईटी की रिपोर्ट जिस पर एक्शन

एसआईटी रिपोर्ट ने संकेत दिया कि 20 मामलों में भूस्वामियों को अत्यधिक मुआवज़ा दिया गया। इसमें नोएडा के दोषी अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। इस सवाल पर कि क्या लाभार्थियों और नोएडा अधिकारियों के बीच मिलीभगत थी, एसआईटी ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों, उनके परिवार के सदस्यों, भूस्वामियों और संबंधित अवधि के दौरान अधिकारियों द्वारा अर्जित संपत्तियों के बैंक खातों के विवरण की जांच करना आवश्यक है। रिपोर्ट में आगे उल्लेख किया गया है कि नोएडा में निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महत्वपूर्ण निर्णय जनता के बिना रिपोर्टिंग के लिए जाते हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि परियोजनाओं पर नियमित सार्वजनिक रिपोर्टिंग का अभाव है और नीतियां डेवलपर्स के पक्ष में होती हैं।

### पीठ ने जारी किए निर्देश

डीजीपी उत्तर प्रदेश पिछली एसआईटी द्वारा चिह्नित मुद्दों को देखते हुए आईपीएस संवर्ग के तीन पुलिस अधिकारियों वाली एक एसआईटी गठित करेंगे।

इस प्रकार गठित एसआईटी तुरंत प्रारंभिक इंक्वायरी करेगी। पिछली एसआईटी द्वारा उजागर किए गए बिंदुओं की जांच करेगी।

इस संबंध में फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ-साथ राज्य पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा को भी शामिल किया जाएगा।

यदि एसआईटी, प्रारंभिक जांच के बाद यह पाती है कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध किया गया है, तो वह मामला दर्ज करेगी और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करेगी।

एसआईटी के परिणाम को एसआईटी प्रमुख द्वारा स्थिति रिपोर्ट के माध्यम से रिकॉर्ड पर रखा जाएगा, जो पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं होगा।

नोएडा के दैनिक कामकाज में पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण लाने के लिए, एसआईटी रिपोर्ट की एक प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के समक्ष रखी जाए। इसे उचित एजेंडा मदों के साथ मंत्रिपरिषद के समक्ष उचित निर्णय लेने के लिए प्रस्तुत करेंगे।

मुख्य सचिव नोएडा में मुख्य सतर्कता अधिकारी भी तैनात करेंगे। ये या तो आईपीएस संवर्ग से हों या सीएजी से प्रतिनियुक्ति पर हों।

नागरिक सलाहकार बोर्ड का गठन 4 सप्ताह के भीतर हो जाए। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) और सर्वोच्च न्यायालय की हरित पीठ द्वारा रिपोर्ट की स्वीकृति के बिना नोएडा में कोई भी परियोजना शुरू न हो।

### संपत्ति की होगी फारेंसिक ऑडिट

इसमें नोएडा के दोषी अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। इस सवाल पर कि क्या लाभार्थियों और नोएडा अधिकारियों के बीच मिलीभगत थी, एसआईटी ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों, उनके परिवार के सदस्यों, भूस्वामियों और संबंधित अवधि के दौरान अधिकारियों द्वारा अर्जित संपत्तियों के बैंक खातों के विवरण की जांच करना आवश्यक है।

# मेट्रो कॉलेज हेल्थ साइंसेज एंड रिसर्च में सरकारी योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





गौतम बुद्ध नगर। मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के अंतर्गत मेट्रो कॉलेज हेल्थ साइंसेज एंड रिसर्च, ग्रेटर नोएडा में आज सरकारी योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें इनसे लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित करना था।

जिला युवा अधिकारी शिवेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यशाला में जिला उद्योग कार्यालय, बैंकिंग क्षेत्र, जिला कृषि विभाग, नाबार्ड तथा साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर युवाओं को ष्टरूयुवा स्कीम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम , प्रधानमंत्री औपचारिक सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना , बैंकिंग स्कीम, कृषि विभाग एवं नाबार्ड की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान 100 से अधिक युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की निदेशक डॉ. कनक लता, प्रधानाध्यापक डॉ. प्रवीण गौर, जिला युवा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर श्रीवत्स कृष्णा, नाबार्ड की सहायक महाप्रबंधक अलका कुमारी, जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे और लीड बैंक मैनेजर राजेश कटारिया की उपस्थिति में हुआ। आयोजन में डॉ. सपना आर्य और वेदिका फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर युवाओं को हर घर तिरंगा अभियान एवं नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को mybharat.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण कर विभिन्न युवा कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वान किया गया।

## कंपनी पर 1.81 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी के साथ 1.81 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता की कंपनी ने आरोपी कंपनी को श्रमिक उपलब्ध कराए थे। जिनका भुगतान नहीं किया गया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ममता शर्मा ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी भंगेल में मैसर्स वीएस मैन पावर सोल्यूसंस नाम से पंजीकृत कंपनी है। पति राकेश कुमार शर्मा कंपनी में काम करते हैं। उनकी कंपनी विभिन्न कंपनियों में मांग के अनुसार श्रमिकों की आपूर्ति कराती है। कंपनियों से मिलने वाले भुगतान से कमीशन प्राप्त करती है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उनकी कंपनी ने सेक्टर-85 स्थित ब्राइट वेस्टेक सोल्यूसंश प्राइवेट लिमिटेड के साथ साल 2020 में एक एग्रीमेंट किया है। इस कंपनी के निदेशक धन विजय सिंह और प्रेम किशन सिंह निदेशक के पद पर हैं। एग्रीमेंट के अनुसार शिकायतकर्ता की कंपनी द्वारा आरोपियों की कंपनी को श्रमिकों की उपलब्धता कराती रही। आरोप है कि हर साल आरोपियों की कंपनी द्वारा श्रमिकों के भुगतान से 20 से 40 प्रतिशत रकम विभिन्न कारणों से रोक ली जाती थी। श्रमिकों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए शिकायतकर्ता की कंपनी द्वारा श्रमिकों को पूरा भुगतान किया जाता रहा। फरवरी 2024 में आरोपियों की कंपनी पर एक करोड़ 81 लाख 51 हजार 592 रुपए बकाया हो गया।

# जिलाधिकारी ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

गौतम बुद्ध नगर। सर्वाइकल कैंसर रोकथाम, जागरूकता व वैक्सीनेशन को लेकर आज जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेसलाल, जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, महिला उन्नति संस्था से डॉ राहुल, इन्दू गोयल, ब्यूटीफुल टुमारो संस्था से डॉ मधु गुप्ता सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लक्षित 09-15 आयु वर्ग की बालिकाओं का समयबद्ध टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक जानकारी पहुंच सके। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को अभियान के महत्व से अवगत कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि यह अभियान जन-स्वास्थ्य की प्राथमिकता है, इसलिए इसे मिशन मोड में संचालित किया जाए।

# नोएडा प्राधिकरण ने 35 बिल्डरों को नोटिस जारी किया

## तीन-तीन महीने में जमा किस्त जमा करें, 75 प्रतिशत रुपए बकाया हैं; 21 हजार रजिस्ट्री रुकीं

**नोएडा।** प्राधिकरण ने बकाया वसूलने के लिए बिल्डरों को नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस उन बिल्डरों को जारी किए गए, जिन्होंने अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा किया। ये नोटिस बचे हुए 75 प्रतिशत रुपए जमा करने के लिए दिया गया है। इसमें 25-25 प्रतिशत की तीन किस्त हैं। जिसे प्रत्येक छह महीने में जमा करना होगा। प्राधिकरण के एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि जैसे-जैसे पैसा आता जाएगा, रजिस्ट्री होती जाएंगी। फिलहाल दूसरी किस्त नहीं आने से करीब 21 हजार फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो सकी है। उन्होंने बताया कि नोटिस जारी होने के बाद बिल्डरों ने आंशिक पैसा जमा करना शुरू कर दिया है। प्रत्येक छह महीने में इसका एक रिव्यू भी किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा में 57 बिल्डर प्रोजेक्ट है। जिनको अमिताभ कांत की सिफारिश में शामिल किया गया था। इसमें से 35 बिल्डरों ने कुल बकाया का 25 प्रतिशत राशि जमा कर दी है। इन्हीं 35 बिल्डरों की 75 प्रतिशत बाकी राशि जमा करने के लिए तीन किस्त बनाई गई है। 12 ऐसे बिल्डर हैं, जिन्होंने 25 प्रतिशत में भी आंशिक पैसा जमा किया है। 4 ऐसे जिन्होंने पैसा जमा नहीं किया।



### 25 प्रतिशत पैसा जमा करने पर होगी रजिस्ट्री

छह बिल्डरों ने सहमति तक नहीं दी। वहीं 35 बिल्डर जिन्होंने 25 प्रतिशत पैसा जमा किया। इसमें से 13 बिल्डरों को एनजीटी के जीरो पीरियड का लाभ भी दिया गया और पैसा जमा करने के लिए कहा गया।

उम्मीद है जल्द ही बिल्डर नए जारी किए गए नोटिस के तहत 25 प्रतिशत पैसा जमा करने सामने आएंगे। जिससे रुकी हुई रजिस्ट्री की प्रक्रिया तेजी से होगी।

# महिला की हत्या के मामले में सास-ससुर को भेजा जेल

**नोएडा।** दहेज में दो लाख रुपए और बाइक की मांग पूरी न होने पर 10 दिन पहले महिला की ससुराल पक्ष के लोगों ने हत्या कर शव को सोरखा के जंगल में फेंक दिया। सेक्टर-113 थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मूलरूप से जिला बरेली बहादुरपुर निवासी आकाश प्रजापति ने पुलिस को बताया कि बहन रिंकी की शादी साल 2019 में बरेली के बिथरी चैनपुर निवासी संजू से हुई थी। दोनों चोटपुर कॉलोनी में रहते थे। बहन सेक्टर-63 क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में काम करती थी। संजू बाइक कैब चलाता है। उनके घर के आसपास अन्य बहन भी रहती हैं।

रिंकी आम दिनों में छह बजे तक घर आ जाती थी, लेकिन दो अगस्त को वह रात आठ बजे तक घर नहीं पहुंची। जब इस बारे में संजू से फोन पर संपर्क किया तो उसने एफएनजी के पास उसे छोड़ने की बात कही। परिवार के लोग मिलकर उसे तलाश रहे थे तो सोरखा में जंगल के पास एक पेड़ के नीचे रिंकी का शव मिला।

उसे संजू ने ही तलाश किया था। मामले में पुलिस को सूचना के बाद जब संजू से पूछताछ की तो सच्चाई सामने आई।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में किसान यूनियन की तिरंगा यात्रा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। भारतीय किसान यूनियन के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा की शुरुआत यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट से हुई। सैकड़ों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल पर तिरंगा लेकर शामिल हुए। यात्रा यमुना प्राधिकरण से होते हुए पी3 का चक्कर लगाकर सिरसा टोल प्लाजा पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे भी लगाए गए। इस दौरान पवन खटाना ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर निकाली गई। इसमें भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए हैं ।तिरंगा यात्रा के दौरान सभी लोगों में एक अलग तरह का उत्साह और जोश देखने को मिला, उन्होंने कहा कि 15 अगस्त का दिन हमारे लिए बहुत बड़े मायने रखता है ,हमारे क्रांतिकारियों ने हमारे शहीदों ने हमें यह आजादी दिलाई है ।हमें उनकी शहादत को और उनके पराक्रम को कभी भूला नहीं चाहिए।

### नोएडा में चलती कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-37 स्थित बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। यहां चलते-चलते एक मारुति स्विफ्ट डिज़ायर कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब कार सेक्टर-37 की ओर से आ रही थी और बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से कुछ ही दूरी पर थी। कार के बोनट से पहले हल्का-हल्का धुआं निकलने लगा। शुरुआत में ड्राइवर को लगा कि शायद इंजन गर्म हो गया है, लेकिन कुछ ही सेकेंड में धुएं की मात्रा बढ़ने लगी और बोनट से लपटें उठने लगीं। ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक लगाया और दरवाजा खोलकर बाहर कूद गया। देखते ही देखते आग ने जोर पकड़ लिया। पहले बोनट में लगी आग कुछ ही पलों में टायर तक पहुंच गई। हवा के कारण लपटें तेजी से फैलने लगीं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अगर ड्राइवर ने देर की होती तो आग पूरी कार को अपनी चपेट में ले लेती और शायद वह बाहर नहीं निकल पाता। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने दूरी बना ली।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर नोएडा पुलिस अलर्ट



**नोएडा। वकार सैफी।** दिल्ली के लाल किले 15 अगस्त को होने वाले ध्वजारोहण की तैयारियों और सुरक्षा के इंतजामों को लेकर दिल्ली से सटे नोएडा में पुलिस अलर्ट है। डीसीपी नोएडा ने डाग स्क्वायड टीम संग मिलकर मेट्रो स्टेशन और भीड़भाड़ वाली जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को परखा जा रहा है। पुलिसकर्मियों को संदिग्धों पर पैनी नजर बनाए रखने पर जोर दिया। लोगों से भी सहयोग करने की अपील की। ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली में गाड़ियों की एंट्री को लेकर एडवाइजरी जारी की है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद और एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह और प्रवीन कुमार ने पुलिस बल, डाग स्क्वॉड और बीडीडीएस टीम संग मिलकर बाजार मॉल और मेट्रो स्टेशन और आस-पास के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार पैदल मार्च कर रहे है। सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम को भी चेक किया जा रहा है। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को हर व्यक्ति की सघनता से तलाशी लेने के निर्देश दिए। सादे कपड़ों में पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। लेडी पुलिस को भी तैनात किया जा रहा है।

### पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी की छः मोटर साईकिल बरामद

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**नोएडा।** थाना सैक्टर 39 पुलिस ने दो वाहन चोरों पवन पुत्र सुन्दर निवासी आंजनी थाना जहाँगीराबाद जनपद बुलंदशहर, कृष्णा उर्फ आर्यन पुत्र नृपेन्द्र सिंह निवासी राजपुर चुंगी समसाबाद रोड थाना सदर जिला आगरा को सोमबाजार कट सैक्टर 44 नोएडा से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया ।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे/निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की छः मोटरसाइकिल, चार मोटरसाईकिलों की चाबी और दो चाकू बरामद किए हैं। अभियुक्तों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वह दोनों नशा करते हैं इसलिए अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए साथ मिलकर मोटरसाईकिल चोरी करते है तथा मोटर साईकिलों को राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच देते है ।अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर है ।जो नोएडा एवं एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति में शामिल हुए भानु संगठन के हजारों कार्यकर्ता




**गौतमबुद्धनगर।** बुधवार को भानु संगठन को छोड़े हुए हजारों कार्यकर्ताओं ने भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति में अपने पूरे दल- बल के साथ और रोड प्रदर्शन के द्वारा ज्वाइन किया और सभी कार्यकर्ताओं का लोक शक्ति संगठन ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया आए हुए बड़े-बड़े योद्धा जो भानु में पहले काम करते थे अब वह पदाधिकारी भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति में उन्हीं पदों पर कार्य करेंगे जिसमें मुख्य रूप से ठाकुर ओमवीर सिंह (राष्ट्रीय प्रवक्ता), चौधरी बीसी प्रधान (राष्ट्रीय महासचिव) ठाकुर सतवीर सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि), चौधरी ओमप्रकाश गुर्जर (परिवहन मंत्री), ठाकुर अमित गौड, ठाकुर कपिल भाटी , अरविंद भाटी,महेश तंवर, राजकुमार मोनू महानगर अध्यक्ष युवा , आनंद भाटी डाक्टर रोहतास, नोएडा ठाकुर सतीश मुखिया जी, विजपाल भाटी, हरेन्द्र बैसौया, कालू तंवर, ठाकुर विजयपाल प्रधान जी, अरुण गौतम, ठाकुर नरेश भाटी तहसील अध्यक्ष ज़ेवर , ठाकुर प्रदीप भाटी तहसील अध्यक्ष (सदर) हरि अवाना , अंकुर कश्यप, सुधीर ठाकुर , कुलदीप, सतीश खारी, मनोज शर्मा बटी सोलंकी जयसिंह, पुष्पेंद्र ,पवन पंडित, हरवीर सोलंकी धनंजय सहित सैकड़ों पदाधिकारी जिनमें राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला, तहसील, ब्लॉक, ग्राम जैसे पद शामिल थे ।

# स्थानीय किसानों का आईडी के आधार पर फ्री हो टोल टैक्स

**दनकौर ।** बुधवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष कुलबीर भाटी के नेतृत्व में जेवर टोल पर यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों को आईडी के आधार पर टोल फ्री करने व सर्विस रोड के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन टोल मैनेजर अनुज चौधरी को सौंपा।



करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि जिस समय यमुना एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ था तब ये वादा किया गया था कि किसानों को एक दायरे के अंदर आईडी के आधार पर टोल फ्री कराया जाएगा। किन्तु अभी तक किसानों के वाहनों को टोल पर कोई छूट नहीं दी जाती। प्रवीण भारतीय ने बताया कि किसानों को 64त्न मुआवजा व 10त्न आबादी भूखंड जल्द देने, जीरो प्वाइंट से मुरसदपुर सहित सभी सर्विस रोड़ के पुनर्निर्माण व किसानों को आईडी के आधार पर टोल फ्री करने के संबंध में टोल मैनेजर को ज्ञापन सौंपा व चेतावनी दी कि यदि जल्द कि इन मांगो को नहीं माना गया तो करप्शन फ्री इंडिया संगठन धरने प्रदर्शन को बाध्य होगा।

इस दौरान प्रेमराज भाटी,प्रेम प्रधान, कुलबीर भाटी, राकेश नागर, गौरव भाटी, जितेंद्र भाटी, नरेश भाटी, सुशील अधाना, देवेंद्र प्रधान, मोहित, राजुकमार, मलखान सिंह, कमल नागर, महेश नागर,आकाश नागर आदि लोग मौजूद रहे ।

# बच्ची से डिजिटल रेप करने वाले लाइफगार्ड को उम्रकैद

**गौतम बुद्ध नगर।** सुरजपुर जिला न्यायालय ने ग्रेटर नोएडा के डीपीएस स्कूल में साढ़े तीन साल की बच्ची से डिजिटल रेप के मामले में स्कूल के लाइफगार्ड चंडीदास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 24 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। घटना 12 जुलाई 2018 की है। स्वीमिंग पुल के पास मौजूद बच्ची के साथ लाइफगार्ड ने दीवार के पास ले जाकर रेप किया था। पॉस्को कोर्ट के न्यायाधीश मनोज कुमार हिमांशु ने यह फैसला सुनाया। जुर्माना न भरने पर दोषी को 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में 9 गवाहों की गवाही, सीसीटीवी फुटेज और मेडिकल रिपोर्ट महत्वपूर्ण साबित हुई। कोर्ट ने 60 पन्नों का निर्णय सुनाया। विवेचक बोपेश की सराहना की गई, जबकि दो अन्य विवेचकों के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं।

कोर्ट ने स्कूल को भी दोषी माना है। स्कूल प्रबंधन ने घटना की जानकारी मिलने के बाद दो दिन तक मामले को दबाने का प्रयास किया था। बच्ची के परिवार पर भी दबाव बनाया गया था। अदालत ने स्कूल को एक महीने के अंदर 10 लाख रुपये जुर्माना जमा करने का आदेश दिया है। पीड़िता की मां ने इसे न्याय की जीत बताया। उन्होंने कहा- ऐसा कृत्य किसी की बच्ची के साथ नहीं होना चाहिए।

### ये है पूरा मामला

नोएडा के एक प्राइवेट स्कूल में 10 महीने पहले अक्टूबर में साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ डिजिटल रेप हुआ था। घटना के बाद से बच्ची सहमी गई थी। कुछ दिनों तक लगातार बच्ची स्कूल नहीं जाने को तैयार हो रही थी और गुमसुम रहने लगी थी। बच्ची के पिता उसे लेकर डॉक्टर के पास गए थे। डॉक्टर ने जो बताया उससे परिजनों के होश उड़ गए।

# लगभग 20 दिन से लापता 14 वर्षीय छात्रा, पुलिस की ढिलाई पर भड़का परिवार

## मुख्यमंत्री और एसपी से गुहार, बेटी न मिलने पर भूख हड़ताल की चेतावनी

**पीलीभीत**। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा 20 दिन से लापता है, लेकिन पुलिस अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा पाई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही और आरोपितों से मिलीभगत के कारण उनकी बेटी की जान खतरे में है। पीड़िता के पिता जंत्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।परिजनों के अनुसार, कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्रा 23 जुलाई को स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। उनका आरोप है कि अनुराग, मुनेन्द्र और धीरु



नामक युवकों ने साजिश रचकर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा लिया। धीरु ने इस काम के लिए अनुराग को रुपये भी दिए।जंत्री प्रसाद का कहना है कि गजरौला थाना क्षेत्र के खाग गांव का एक युवक, जो आरोपित अनुराग के संपर्क में है, पीड़िता की साइकिल रेलवे स्टेशन के साइकिल स्टैंड में खड़ी कर गया था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों को सांठगांठ करके छोड़ दिया और मामले को दबाने का प्रयास किया।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर उनकी बेटी को बरामद नहीं किया गया तो वे जिला मुख्यालय पर भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने यह भी मांग की है कि आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई और बेटी ऐसी स्थिति का शिकार न हो।

महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराध केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय हैं। ऐसे मामलों में पुलिस की देरी और लापरवाही अपराधियों के हौसले बढ़ाती है। जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं में तत्काल, निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई हो, ताकि कानून-व्यवस्था पर जनता का विश्वास बना रहे।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन : आलोक तिवारी



**ललितपुर**। सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों का पालन कराने के लिए सख्ती से निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों पर बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट बिना नंबर प्लेट, फॉल्टी नंबर प्लेट आदि के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं चेकिंग के दौरान कुल 58 वाहनों का किया गया चालान। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा बिना नंबर प्लेट/फाल्टी नंबर प्लेट,बिना हेलमेट, क्षमता से अधिक सवारी, बिना सीट बेल्ट के खिलाफ अभियान चलाया गया तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया ।दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन करें।

## शार्ट न्यूज

### तैराकी में चमके लिटिल एंजेल्स स्कूल के दक्ष पांडे, जीते दो स्वर्ण पदक




पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल के छात्र दक्ष पांडे ने अपनी शानदार तैराकी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई नार्थ जोन-1 स्विमिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और 100 मीटर मिडले व्यक्तिगत स्पर्धा में पहला स्थान हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 11 से 14 अगस्त तक हरिद्वार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही है, जिसमें दक्ष पांडे ने लिटिल एंजेल्स स्कूल की तरफ से तैराकी टीम का प्रतिनिधित्व किया। उनकी इस सफलता की खबर मिलते ही विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षक-शिक्षिकाओं और सहपाठियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने दक्ष को उसकी इस उपलब्धि के लिए बधाइयां दीं और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि दक्ष की मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास ने यह मुकाम दिलाया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

### एसपी ने किया हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक



**ललितपुर**। एसपी ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पुलिस लाइन की छतों पर लगाया तिरंगा, पुलिस कर्मियों को हर घर तिंरगा अभियान के प्रति जागरूक करते हुए अपने अपने घरों पर तिंरगा लगाने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत रिजर्व पुलिस लाइन, ललितपुर के आवासीय परिसर की छतों पर तिरंगा लगाया गया तथा सभी से हर घर तिरंगा लगाने की अपील की गयी ।

### 6 वारंटियों को किया गिरफ्तार भेजा जेल



**हजारा( पूरनपुर )**। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वारंटी के खिलाफ चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत हजारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पौन दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज है। हजारा थानाध्यक्ष अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर क्षेत्र में तमाम गारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।जिसमें हरबंस सिंह पुत्र तीरथ सिंह निवासी ग्राम धर्मपुरी,कक्का सिंह पुत्र बंजार सिंह, कक्कन सिंह पुत्र गुरबचन सिंह निवासी ग्राम राघवपुरी,सुक्खा सिंह पुत्र जनरल सिंह,सुंदर सिंह पुत्र बंता सिंह, गुरनाम सिंह पुत्र कक्का सिंह निवासी ग्राम कंबोज नगर,लकी उर्फ लखविंदर सिंह पुत्र जरनैल सिंह ग्राम निवासी आजाद नगर, रिजवान उर्फ बंगाली पुत्र सुलेमान,लुकमान पुत्र शान मोहम्मद निवासी ग्राम नहरोसा थाना हजारा जनपद पीलीभीत के निवासी हैं इनके ऊपर तमाम संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है जिन्हें पड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### नये स्थानों पर नहीं मनाई जाएगी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व : एसओ हजारा



**हजारा( पूरनपुर )**। इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के थाना हजारा में थानाध्यक्ष के द्वारा पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया है कि थाना क्षेत्र में कहीं भी नये स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने की अनुमति नहीं होगी अगर ऐसा होता पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बुधवार को इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के थाना हजारा में थानाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व एवं चेहल्लुम के संबंध में एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से क्षेत्र में कहां कहां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कि पर्व मनाया जाता है और चेहल्लुम के बारे में भी जानकारी लिया साथ ही थानाध्यक्ष ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जहां पहले से होता आया है इस बार भी उन्हीं स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने की अनुमति होगी।थाना क्षेत्र में कहीं भी नये स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने की अनुमति नहीं होगी अगर नये स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाने की शिकायत मिलती है तो आयोजकों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बुलंदशहर में 1 हजार किसान धरने पर, कलेक्ट्रेट घेरा

**बुलंदशहर**। बुलंदशहर में भाकियू के एक हजार से ज्यादा किसान कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे हैं। किसानों की मांग है कि जब तक हम डीएम से नहीं मिल लेते तब तक यहीं बैठे रहेंगे। कई किसान खाने-पीने के बाद हुक्का पी रहे हैं तो कुछ माइक से गाना गाकर मनोरंजन कर रहे हैं। किसान बुधवार को करीब 1:30 बजे कलेक्ट्रेट के लिए निकले थे। 500 से ज्यादा किसान ट्रैक्टर से पहुंचे। किसानों ने चारों तरफ से कलेक्ट्रेट को घेर लिया। गेट बंद मिलने पर 10 मिनट का अल्टीमेटम दिया। इसके बाद प्रशासन ने गेट खोला और किसान अंदर चले गए। भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी अरब सिंह ने बताया कि गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर करीब 70 करोड़ रुपए बकाया है।

# किसानों को मिलेगा नि:शुल्क तोरिया बीज मिनीकिट

**पूनम तिवारी विशाल इण्डिया**

अम्बेडकरनगर। प्रदेश के किसानों के लिए खुशखबरी है। कृषि विभाग उत्तर प्रदेश ने राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के तहत तोरिया (लाही) फसल का 2 किलो बीज मिनीकिट नि:शुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभागीय पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पहले 15 अगस्त तक थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 अगस्त 2025 कर दिया गया है।

अपर कृषि निदेशक लखनऊ के निर्देशानुसार यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी। आवेदन अवधि समाप्त होने के



बाद, यदि लक्ष्य से अधिक आवेदन आते हैं तो पात्र किसानों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। एक किसान को केवल एक मिनीकिट मिलेगा। चयनित किसानों को POS मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भंडारों से बीज वितरित किया जाएगा।कृषि विभाग ने सभी विकास खंडों के इच्छुक किसानों से अपील की है कि समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं।

# खाद की दुकानों का निरीक्षण कर देखी उपलब्धता

**एसडीएम के निरीक्षण से खाद दुकानदारों में दहशत**

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर**। बुधवार को एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने भीटी तहसील स्थित महरुआ बाजार की खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान,उन्होंने दुकानों के लाइसेंस, स्टॉक और बिक्री रजिस्टर की जांच की, और यह सुनिश्चित किया कि खाद उचित दर पर बेची जा रही है या नहीं अनियमितताएं मिलने पर,उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने खाद की दुकानों का निरीक्षण



किया,यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे नियमों का पालन कर रही हैं और किसानों को सही दर पर खाद मिल रही है।

### निरीक्षण के दौरान, एसडीएम ने निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान दिया

**लाइसेंस की वैधता :** एसडीएम ने यह सुनिश्चित किया कि खाद विक्रेताओं के पास वैध लाइसेंस हैं।

**स्टॉक की उपलब्धता :** उन्होंने दुकानों में खाद के स्टॉक की जांच की और यह देखा कि क्या पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है।

**बिक्री रजिस्टर :** एसडीएम ने बिक्री रजिस्टर की जांच की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खाद की बिक्री सही तरीके से दर्ज की जा रही है।

**निर्धारित मूल्य :** उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि खाद निर्धारित मूल्य पर बेची जा रही है और कोई ओवररेटिंग तो नहीं हो रही है।

**अनियमितताएं :** निरीक्षण के दौरान, उन्होंने कहा कि यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम भीटी ने इस दौरान दुकानदारों को चेतावनी दी और भविष्य में उपरोक्त कोई भी गलती करने पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

**कालाबाजारी :** एसडीएम ने खाद की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही,ताकि किसानों को उचित मूल्य पर खाद मिल सके।

यह निरीक्षण अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है कि किसानों को खरीफ फसल के लिए समय पर और उचित दर पर खाद और बीज उपलब्ध हों।

# खोए हुए मोबाइल पाकर खिल उठे मालिकों के चेहरे

## ललितपुर पुलिस ने ढूंढ़ निकाले 25 लाख कीमत के फोन

**ललितपुर**। पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए सर्विलांस टीम की मदद से 135 गुम शुदा मोबाइल फोन ढूंढ निकाले और उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया। मोबाइल फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। देश के कई राज्यों व उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के विभिन्न स्थानों से कुल 135 गिरे/खोये मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद । बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रूपये । पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा पुलिस लाइन में बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों को किया गया वितरित। अपना खोया हुआ



मोबाइल फोन पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे ।ललितपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए हृदय से दिया धन्यवाद। पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को किया गया पुरस्कृत ।पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुश्ताक, द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त खोये/गिरे मोबाइल फोन से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम, थानों पर गठित टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया था । उक्त अभियान के अनुपालन में सर्विलांस टीम/थानों पर गठित टीम के अथक प्रयास से अलग-अलग राज्यो एवं उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 135 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन, कीमत लगभग 25 लाख रूपये बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है । मो0 मुश्ताक, पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइल फोन को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया ।मोबाइल बरामद करने वाली टीम उ. नि. अरुण कुमार प्रभारी सर्विलांस ललितपुर, उ. नि. अतुल तिवारी प्रभारी स्वाट मय टीम हे. का. जिनेन्द्र सिंह हे. का. प्रशान्त कुमार का. रोहित कुमार का. मो आमिर का. मोहित सिंह सर्विलांस सेल आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार



**ललितपुर**। बानपुर पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी महरौनी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना बानपुर पर पंजीकृत सम्बन्धित मु0नं0-95/2011 धारा- 420/506 आईपीसी से सम्बंधित अभियुक्त परसू उर्फ परशूराम पुत्र हजारी लाल उम्र करीब 34 वर्ष मुकेश पुत्र अनन्दी उम्र करीब 35 वर्ष निवासीगण ग्राम खाखरौन थाना बानपुर जनपद ललितपुर व मु0नं0-178/2012 धारा- 323/504/506 आईपीसी शिवकुमार पुत्र सालिगराम उम्र करीब 50 वर्ष ओमप्रकाश पुत्र सालिगराम उम्र करीब 53 वर्ष रतीराम पुत्र भागीरथ उम्र करीब 75 वर्ष नि0गण ग्राम डगराना थाना बानपुर ललितपुर सम्बन्धित मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी ललितपुर (उ0प्र0) को गिरफ्तार किया गया । वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

# देवीपुरा गौशाला में 100 से अधिक गौवंशों की मौत, हिंदू महासभा ने जताया आक्रोश



**पीलीभीत**। देवीपुरा गौशाला में 100 से अधिक गौवंशों की मौत की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बुधवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं को घटना की सूचना मिलते ही संगठन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां भयावह हालात देख संगठन के पदाधिकारियों ने गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया।

हिंदू महासभा के युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों व जागरूक नागरिकों ने जानकारी दी थी कि गौशाला में बड़ी संख्या में गौवंश असमय मौत का शिकार हो गए हैं और मृत पशुओं को दफनाने तक की व्यवस्था नहीं की गई है। 13 अगस्त को संगठन की टीम के पहुंचने पर वहां का नजारा हृदयविदारक था—कई मृत गौवंश गड्ढों में सड़ रहे थे, कुछ पानी में तैर रहे थे, जबकि कई बीमार और घायल पशु तड़पते दिखे।संगठन ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा गौवंश संरक्षण के लिए पर्याप्त बजट और संसाधन उपलब्ध कराए जाने के बावजूद गौशाला संचालन में भारी लापरवाही बरती जा रही है। ज्ञापन में बीडीओ, ग्राम प्रधान, सचिव, केयरटेकर और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व भारतीय दंड संहिता के तहत एफआईआर दर्ज करने, मृत पशुओं को तत्काल दफनाने, संक्रमण रोकथाम, घायल व जीवित पशुओं के उपचार व सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करने की मांग की गई। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी निरीक्षण समिति के गठन का प्रस्ताव भी रखा गया।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान उपजिलाधिकारी ने शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, जितेंद्र मौर्य, कृष्णा साहनी, रोहित वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राहुल राठौर, प्रेम सागर शर्मा, सुभाष बाबू, अमित अवस्थी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिला की लाश दो टुकड़ों में मिली, हाथ-पैर, सिर गायब

**झांसी**। झांसी में बुधवार को एक कुएं के अंदर दो बोरियों में महिला की लाश मिली है। एक बोरी में गर्दन से कमर तक का हिस्सा भर रखा था, जबकि दूसरी बोरी में कमर से जांघ तक का हिस्सा भरा हुआ था। महिला का सिर, हाथ और पैर गायब हैं। बदबू आने पर खेत मालिक ने कुएं में जाकर देखा तो दो बोरियां ऊपर उतरा रही थी। फिर गांव के लोग इकट्ठा हुए और दोनों बोरियों को बाहर निकाला गया। उन्हें जब खोला गया, तो महिला की लाश दो टुकड़ों में भरी हुई थी। इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर हाथ-पैर और सिर की तलाश शुरू कर दी है। ये बॉडी किस महिला की है, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस हिरासत से फरार हुआ अपहरण का आरोपी, घंटों बाद दोबारा पकड़ा गया

## बरखेड़ा में टॉयलेट जाने का बहाना बनाकर भागा सोहेल, सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल

**पीलीभीत**। थाना बरखेड़ा पुलिस की लापरवाही बुधवार को उस समय उजागर हो गई जब लड़की के अपहरण के मामले में गिरफ्तार आरोपी सोहेल पुलिस हिरासत से भाग निकला।

घटना के दौरान वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया।सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले बरखेड़ा क्षेत्र में एक लड़की की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। इस मामले में मंगलवार को पुलिस ने सोहेल को गिरफ्तार कर थाने में पूछताछ की। बुधवार को पूछताछ के दौरान उसने



टॉयलेट जाने का बहाना बनाया और मौके का फायदा उठाकर भाग गया।गली में लगे सीसीटीवी में उसकी फरारी साफ दिख रही है। फुटेज में सामने से आ रहे सफाईकर्मी भी उसे पकड़ने की कोशिश करते नजर आते हैं, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आता। घटना के बाद इलाके में नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया और कुछ घंटे बाद पुलिस ने उसे फिर से पकड़ लिया। इस लापरवाही पर सोशल मीडिया पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा कि आरोपी को तुरंत पकड़ लिया गया है और संबंधित मामले में विधिक कार्रवाई जारी है। साथ ही, लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच बैठा दी गई है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम

**देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह**

पीलीभीत। आगामी स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के एकमात्र सीआईएससीई स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभक्ति और सांस्कृतिक




रंग एक साथ नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत कविता पाठ, नृत्य, स्केट प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, समूह नृत्य और रंग भरने की प्रतियोगिता से हुई। जन्माष्टमी के अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। अनन्या, रुद्र, युवान, आराध्या और अवनि जैसे छोटे प्रतिभागियों ने अपनी मासूम अदाओं और पारंपरिक परिधानों से उत्सव का आनंद दोगुना कर दिया।देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुतियों से विद्यालय का वातावरण जोश और गौरव से भर गया। रंग भरने की प्रतियोगिता में बच्चों ने तिरंगा, अशोक चक्र और राष्ट्रीय पक्षी मोर के चित्र बनाकर राष्ट्रीय प्रतीकों के महत्व को दर्शाया। स्केट प्रतियोगिता में लेजेंड्स, सुप्रीम, एलीट्स और विक्टर क्लब के छात्रों ने स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के संदेश पर आधारित प्रस्तुति दी।दही-हांडी और मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक खेलों में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से उन्हें देश की संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक निशांत गोस्वामी, चेयरपर्सन डॉ. सोनिया गोस्वामी, प्रिंसिपल जया घोष और शिक्षक विष्णु, रुचि, स्तुति, अक्षांशी व स्वप्निल ने बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों के बारे में बताते हुए उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन होते हैं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, मंच संचालन क्षमता और देशप्रेम की भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

## कहीं देर न हो जाए, भूख से बिलख रहे बच्चों तक रोशनी पहुंचाएं पोप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी पॉप सिंगर मैडोना ने पोप लियो चौदहवें से अनुरोध किया है कि वे युद्धग्रस्त गाजा जाएं और वहां संकटग्रस्त बच्चों तक अपनी रोशनी पहुँचाएं। मैडोना ने सोशल मीडिया पर पोप को एक संदेश लिखा है, जिसमें उन्होंने गाजा में बच्चों की पीड़ा को कम करने में मदद करने के लिए गाजा जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, पोप जल्द वहां पहुंचकर भय-भूख से तड़प रहे बच्चों को रोशनी पहुंचाएं। मैडोना ने लिखा, परम पूज्य फादर, कृपया गाजा जाएँ और बच्चों तक अपनी रोशनी पहुँचाएँ, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। एक माँ होने के नाते, मैं उनकी पीड़ा नहीं देख सकती। दुनिया के बच्चे सबके हैं। 65 वर्षीय गायिका ने आगे लिखा, आप हममें से अकेले हैं जिन्हें वहां प्रवेश से वंचित नहीं किया जा सकता। इन मासूम बच्चों को बचाने के लिए हमें मानवीय द्वार पूरी तरह से खोलने की ज़रूरत है। अब और समय नहीं है। मैडोना ने आगे लिखा है, कृपया कहिए कि आप जाएंगे।

### इजरायल को दुनिया का ऊर्जा केंद्र कहती हैं मौडोना

मैडोना ने 2005 में अनौपचारिक रूप से अपने नाम में एस्तेर जोड़ लिया था। हालांकि, वह कुछ यहूदी त्योहार मनाती हैं, लेकिन वह यहूदी नहीं हैं। 65 वर्षीय गायिका, शब्बत के कारण शुक्रवार की रात और शनिवार को प्रस्तुति नहीं देतीं । वह इजरायल को दुनिया का ऊर्जा केंद्रकहती रही हैं। मैडोना का तेल अवीव में भी एक घर है। उन्होंने इस देश में तीन संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं।

### 60 हजार फिलिस्तीनियों की हो चुकी है मौत

पिछले 22 महीने से गाजा इजरायली सुरक्षा बलों के हमले में तबाही झेल रहा है। इस दौरान इजरायली सैन्य हमलों में लगभग 60,000 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से आधे महिलाएं और बच्चे हैं। अभी भी वहां रह रहे लोग भय और भूख के साए में हैं। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले में 1,200 लोगों की मौत के बाद इजरायल ने गाजा में युद्ध छेड़ दिया था। हमास ने 251 लोगों को बंधक भी बना लिया था।

## 16 सिंतबर को भारत आएंगे नेपाल के प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली दो दिवसीय दौरे पर 16-17 सितंबर को भारत आ सकते हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि उनकी यात्रा के दौरान व्यापार, पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी, संपर्क, जलविद्युत व सीमा समेत कई मुद्दों पर वार्ता होगी। इससे पहले सितंबर के अंत में ओली के आने के कयास लगाए जा रहे थे।

## 25 अगस्त को अमेरिका दौरे पर जाएंगे दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्युंग इस महीने के अंत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के लिए वाशिंगटन जाएंगे। ली के कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि इस मुलाकात में परमाणु हथियारों से लैस उत्तर कोरिया और अन्य खतरों के साथ ही व्यापार और रक्षा सहयोग पर चर्चा होगी। 25 अगस्त को म्युंग और ट्रंप में होने वाली शिखर वार्ता जुलाई में दोनों देशों के बीच हुए एक व्यापार समझौते के बाद होगी, जिसमें वाशिंगटन ने दक्षिण कोरिया पर अपने पारस्परिक शुल्क को शुरू में प्रस्तावित 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने का एलान किया था। दक्षिण कोरियाई कारों पर भी यही कम दर लागू करने पर सहमति बनी थी, जो अमेरिका को दक्षिण कोरिया से होने वाला सबसे बड़ा निर्यात है। ली के प्रवक्ता कांग यू-जंग ने कहा कि दक्षिण कोरिया ने अमेरिकी ऊर्जा क्षेत्र में 100 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद और देश में 350 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने पर भी सहमति व्यक्त की है। दोनों नेता अपनी बैठक में सेमीकंडक्टर, बैटरी और जहाज निर्माण जैसे प्रमुख उद्योगों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा कर सकते हैं।

# पेंटागन के पूर्व अफसर ने उड़ाई खिल्ली, कहा- वर्दी वाले लादेन हैं आसिम मुनीर, ट्रंप को भी लपेटा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तुलना अलकायदा आतंकी ओसामा बिन लादेन से की है। रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर सेना की वर्दी पहने हुए ओसामा बिन लादेन हैं। उनकी यह तीखी टिप्पणी आसिम मुनीर के हालिया परमाणु हमले की टिप्पणी के बाद आई है।

पूर्व पेंटागन अधिकारी ने पाक सेना प्रमुख के रुख की कड़ी निंदा की है और पाकिस्तान पर एक दुष्ट देश की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया। रुबिन ने कहा कि अमेरिकी धरती पर पाकिस्तान की धमकियाँ पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। यह कई लोगों के मन में सवाल खड़ा कर रही है कि क्या पाकिस्तान एक राष्ट्र के रूप में अपनी ज़िम्मेदारियाँ निभा सकता है या उसे ख़त्म करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर का बयान ओसामा बिन लादेन से सुनी बातों की याद दिलाता है।

### मुनीर ने कहा था- आधी दुनिया को ले डूबेंगे

बता दें कि अमेरिका दौरे पर गए पाक सेना प्रमुख मुनीर ने भारत के खिलाफ परमाणु हमले की गीदड़भभकी दी थी और कहा था कि आधी दुनिया को ले डूबेंगे। आसिम मुनीर ने पिछले दिनों फ्लोरिडा के टैम्पा में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान कथित तौर पर चेतावनी दी थी कि अगर पाकिस्तान डूबा तो वह अपने साथ आधी दुनिया को भी ले डुबेगा। मुनीर ने कहा था, हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को भी अपने साथ ले डूबेंगे।

### अवांछित व्यक्ति घोषित हों आसिम मुनीर

पूर्व पेंटागन अधिकारी ने आगे कहा कि ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन को इस्लामाबाद को गैर-नाटो सहयोगी नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान पहला बड़ा गैर-नाटो सहयोगी होना चाहिए जिसे आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के रूप में सूचीबद्ध किया जाए और उसे अब अमेरिकी सेंट्रल कमांड का सदस्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुनीर को अमेरिका में अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाना चाहिए और उन्हें तब तक अमेरिकी वीज़ा नहीं मिलना चाहिए जब तक कि वह अपनी सफाई न दें और माफी न मांग लें।

### आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में डालना चाहिए

रुबिन ने आसिम मुनीर को वर्दी वाला लादेन करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान की सोच और रणनीति में किसी भी तरह के रियायत देने पर भी बदलाव संभव नहीं है। रुबिन ने पाक सेना प्रमुख की इस टिप्पणी पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पाकिस्तान आधी दुनिया को परमाणु हथियारों की धमकी दे रहा है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान ने एक वैध राज्य होने का अपना अधिकार खो दिया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि अमेरिका पाकिस्तान के संबंधों पर विचार करे और उसे आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में डाला जाना चाहिए।

## न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध नृत्य महोत्सव में 15 अगस्त को होगा भारत दिवस

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क में 44वें वार्षिक बैटरी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आयोजन 12 से 16 अगस्त तक चलेगा। यह सबसे लंबे समय से चला आ रहा सार्वजनिक नृत्य महोत्सव है। भारतीय स्वतंत्रता दिवस के दिन यानी 15 अगस्त को इस नृत्य महोत्सव में शक्ति - स्त्री की दिव्य ऊर्जा - के सार पर केंद्रित नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की जाएंगी। 15 अगस्त को महोत्सव में भारत दिवस का आयोजन होगा, जो शक्ति - दिव्य ऊर्जा का एक मिश्रित कार्यक्रम होगा, जिसमें वैश्विक कलाकारों द्वारा स्त्री के सार और रचनात्मकता को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निदेशक जोनाथन हॉलैंडर ने बताया, पिछले दो वर्षों से हमारा ध्यान पुरुष, यानी पुरुष नर्तकों पर केंद्रित था, और इस वर्ष हमने इसे बदल दिया है और हमारा ध्यान शक्ति, दिव्य ऊर्जा पर केंद्रित होगा। हॉलैंडर ने कहा, आज की दुनिया के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जहां बहुत सारे संघर्ष और विखंडन जारी हैं। भारत दिवस कार्यक्रम को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास और न्यूयॉर्क स्थित भारतीय स्टेट बैंक ने फंडिंग की है। कार्यक्रम में पिट्सबर्ग के नंदनिक नृत्य दल और कोलकाता के कोरियोग्राफर और एकल कलाकार सुभाजीत खुश दास देवी काली पर एक नई प्रस्तुति देंगे। साथ ही कोरियोग्राफर बिजयिनी सत्पथी, माया कुलकर्णी, सोनाली स्कंदन, स्वाति गुंडापुनीदी-अटलुरी, सुभाजीत खुश दास, रंजीत बाबू और मालिनी श्रीनिवासन द्वारा ओडिसी, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथकली की शैलियों में नृत्य कार्यक्रम किए जाएंगे।



## अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में स्टील प्लांट में धमाका, 2 की मौत, 10 घायल

**पिट्सबर्ग , एजेंसी।** अमेरिकी राज्य पेनसिल्वेनिया पिट्सबर्ग में यूएस स्टील प्लांट में सोमवार को जोरदार धमाका हुआ। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग अस्पताल में भर्ती कराए गए। धमाके के बाद कई छोटे-छोटे विस्फोट भी हुए और काले धुएं का गुबार आसमान में फैल गया।

### इस प्लांट में पहले भी हुए हतसे

हादसा सुबह करीब 10:51 बजे हुआ। धमाके के बाद एक घायल कर्मचारी को मलबे से घंटों बाद बाहर निकाला गया। पास के इलाकों में झटका महसूस किया गया, जिससे स्थानीय प्रशासन ने लोगों को घटना स्थल से दूर रहने की अपील की। यूएस स्टील के चीफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर स्कॉट बुकिसो ने कहा कि फिलहाल धमाके के कारण और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने तेजी से गैस सप्लाई बंद की और फंसे हुए साथियों को बाहर निकाला। कंपनी अब जापान की निप्पॉन स्टील कॉर्प की सहायक इकाई है और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर जांच कर रही है। इस प्लांट में 2009 में धमाके में एक मजदूर की मौत हुई थी। 2010 में हुए धमाके में 20 लोग घायल हुए थे। 2014 में एक कर्मचारी की मौत ट्रेंच में गिरने से हुई थी। सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर पहले भी कंपनी पर जुर्माना लग चुका है।

## पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी

### लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश, मिनरल वाटर और न्यूज पेपर भी बंद किए



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्स्द्ध की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। पाकिस्तान पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय डिप्लोमैट्स को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया, उप उच्चायुक्त जे.पी. सिंह, और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना, सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था।

**पाकिस्तान का यह कदम वियना कन्वेंशन का उल्लंघन :** पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश हैं।

## ट्रंप ने ईजे एंटनी को श्रम सांख्यिकी ब्यूरो का प्रमुख बनाया, नौकरी और महंगाई का डेटा रखती है एजेंसी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नौकरी और महंगाई के आंकड़े जारी करने वाली एजेंसी ब्यूरो ऑफ लेबर स्टेटिक्स (श्रम सांख्यिकी ब्यूरो) के प्रमुख के पद पर रूढ़िवादी अर्थशास्त्री ईजे एंटनी की नियुक्ति की है। ईजे एंटनी कंजर्वेटिव हेरिटेज फाउंडेशन के मुख्य अर्थशास्त्री है। अभी एंटनी की नियुक्ति को सीनेट से मंजूरी मिलना बाकी है।

### एरिका मैकएंटार्फर की जगह लेंगे एंटनी



ट्रंप ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और ईजे यह सुनिश्चित करेंगे कि जारी किए गए आंकड़े ईमानदारी और पूरी सटीकता के साथ जारी किए जाएं। अगर ईजे एंटनी के नाम को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है, तो वह एरिका मैकएंटार्फर की जगह लेंगे। ईजे एंटनी की सरकारी खर्च, कराधान और केंद्रीय बैंक की नीतियों के गहन विश्लेषण में विशेषज्ञता है। एंटनी ने नॉर्दर्न इलिनोइस विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है और कई शैक्षणिक संस्थानों में अध्यापन किया है। एंटनी के व्यापक राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेजों की आलोचनाएं और दीर्घकालिक ऋण संचय के बारे में चेतावनियां जैसे लेख प्रकाशित हुए हैं।

### रोजगार के आंकड़ों से ट्रंप ने जताई थी नाराजगी

एरिका को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में श्रम सांख्यिकी ब्यूरो का आयुक्त नियुक्त किया गया था। ट्रंप ने 1 अगस्त को मैकएंटार्फर को बर्खास्त कर दिया था। दरअसल बीते दिनों मैकएंटार्फर ने जुलाई महीने में रोजगार के आंकड़े जारी किए थे। इन आंकड़ों में बताया गया था कि मई और जून में रोजगार वृद्धि अनुमान से काफी कम रही थी। ट्रंप ने इस रिपोर्ट पर नाराजगी जाहिर की थी और बिना किसी ठोस सबूत के राजनीतिक कारणों से रोजगार के आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया था।

## यमन के शीर्ष नेता ने की भारत से दोस्ती की तारीफ

**सना , एजेंसी।** यमन के शीर्ष नेता रशद अल-अलीमी ने भारतीय राजदूत के साथ एक बैठक में अपने मुल्क की भारत के साथ सहकारी द्विपक्षीय संबंधों और गहरी दोस्ती की खासी तारीफ की। यमन के राष्ट्रपति नेतृत्व परिषद के प्रमुख अल-अलीमी ने रविवार को रियाद में भारतीय राजदूत सुहेल खान से मुलाकात में गर्मजोशी से भरा यह संदेश दिया। भारतीय दूतावास के मुताबिक, भारतीय राजदूत डॉ खान, उप मिशन प्रमुख अबू मैथेन और प्रथम सचिव ऋषि त्रिपाठी के साथ अल-अलीमी से मिले। बैठक में भारत-यमन संबंधों को और मजबूत करने व द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हुई।




## अमेरिका के टेक्सास में टारगेट स्टोर के बाहर फायरिंग, 3 की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य टेक्सास के ऑस्टिन में सोमवार दोपहर एक व्यक्ति ने टारगेट स्टोर की पार्किंग में अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी पहले एक कार चुराकर भागा, फिर उसका एक्सीडेंट हो गया और उसने एक डीलरशिप से दूसरी कार चुरा ली। करीब 32 किलोमीटर दूर साउथ ऑस्टिन में पुलिस ने उसे टेसर का पकड़ लिया। ऑस्टिन पुलिस चीफ लिसा डेविस ने बताया कि आरोपी की उम्र करीब 30 साल है और उसका मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा इतिहास है। फायरिंग की घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:15 बजे हुई।

मौके पर पहुंचे अधिकारियों को 3 लोग गोली लगने से घायल मिले, जिनमें से 2 की मौके पर ही मौत हो गई और तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। डेविस ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। फिलहाल पीड़ितों की पहचान जारी नहीं की गई है।

### इंडोनेशिया : अदालत ने समलैंगिकों को दी बेंत से पीटने की सजा

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के रूढ़िवादी आसेह प्रांत में एक इस्लामी शरिया अदालत ने दो पुरुषों को यौन कृत्य में लिप्त रहने के जुर्म में सार्वजनिक रूप से 80-80 बेंत पीटने की सजा सुनाई। प्रांतीय राजधानी बैंडा आसेह की इस्लामी शरिया जिला न्यायालय में यह मुकदमा बंद कमरे में चला। इस समलैंगिक जोड़े (दोनों की उम्र 20-21 साल) को अप्रैल में तमन सारी सिटी पार्क में स्थित एक ही शौचालय में घुसते देखा गया था और तभी इनकी गिरफ्तारी हुई थी।

# मुझे 2 मिनट के अंदर पता चल जाएगा कि कोई डील होगी या नहीं: डोनाल्ड ट्रंप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात होने वाली है। इस मीटिंग को लेकर डोनाल्ड ट्रंप खासे उत्साहित हैं और उन्हें लगता है कि रूस और यूक्रेन के बीच जंग को वे रुकवा सकेंगे। इजरायल और ईरान के बीच जंग से लेकर कई युद्धों को रुकवाने का दावा करने वाले ट्रंप ने एक बार फिर से मजेदार बात की है। उन्होंने कहा कि व्लादिमीर पुतिन के साथ मीटिंग में 2 मिनट के अंदर उन्हें पता चल जाएगा कि कोई डील होगी या नहीं। यूक्रेन से जंग रुकने की डील मुझे दो मिनट में पता चला जाएगी। यदि ऐसा नहीं होना होगा तो वह भी पता चल जाएगा। वाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने यह बात कही। वॉशिंगटन शहर की पुलिस की कमान अपने हाथों में लेने की जानकारी देते हुए ट्रंप ने रूस की भी बात की। ट्रंप ने कहा, मीटिंग के अंत में और जहां तक संभव है शुरुआती दो मिनट में ही पता चल जाएगा कि कोई डील होगी या नहीं। उनकी इस बात पर एक रिपोर्टर ने यह भी पूछा कि आखिर आपको दो मिनट के अंदर कैसे पता चल जाएगा कि डील हो पाएगी या नहीं। इस पर ट्रंप ने जवाब दिया कि मैं डील ही करता हूं और मेरे पास इसका अनुभव है। शुक्रवार को दोनों नेताओं की बहुप्रतीक्षित मुलाकात होने वाली है। ट्रंप का कहना है कि उन्हें इस मीटिंग से काफी उम्मीदें हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यह मीटिंग अच्छी भी हो सकती है और खराब भी। ट्रंप न कहा, बहुत कुछ भाग्य पर निर्भर करता है, लेकिन बढ़ते रहना है। मैं इतना कह सकता हूं कि हम एक अच्छी डील करेंगे। पहले डोनाल्ड ट्रंप चाहते थे कि इस मीटिंग में वोलोदिमीर जेलेंस्की भी आएं, लेकिन उनका आने का इरादा नहीं है। वजह यह भी है कि शायद व्लादिमीर पुतिन नहीं चाहते कि वह जेलेंस्की के साथ कोई डील करें। इस पर ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की तो अपने स्तर पर कई मीटिंग कर चुके हैं।

## पुलिसिंग की भूमिका में अमेरिकी सेना के इस्तेमाल पर ट्रंप पर मुकदमा शुरू

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अपने निर्वासन प्रयासों का समर्थन करने और लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड बलों के इस्तेमाल को लेकर सोमवार को ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हुआ। यह अमेरिकी सड़कों पर सैनिकों की तैनाती के खिलाफ लंबे समय से चले आ रहे मानदंडों को तोड़ने के फैसले को कानूनी चुनौती है। सैन फ्रांसिस्को स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर के समक्ष तीन दिवसीय गैर-जूरी यह तय करेगी कि क्या सरकार ने 19वीं सदी के उस कानून का उल्लंघन किया था, जो जून में ट्रंप द्वारा सैनिकों की तैनाती के समय सेना को नागरिक कानून प्रवर्तन से रोकता है। जैसा कैलिफोर्निया ने कानूनी चुनौती में दावा किया है। ब्रेयर ने सोमवार की सुनवाई की शुरुआत में कहा, अदालत को जिस तथ्यात्मक प्रश्न का समाधान करना चाहिए, वह यह है कि क्या घरेलू कानून लागू करने को सेना का इस्तेमाल हुआ था। अगर हां, तो क्या यह खतरा बना है कि ऐसा फिर से किया जा सकता है। प्रशासन इस बात से इन्कार करता है कि सैनिकों का इस्तेमाल नागरिक कानून प्रवर्तन में किया गया था और यह दिखाने की योजना बना रहा कि वे संघीय संपत्ति और अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंटों की सुरक्षा कर रहे थे।

# रोहित शर्मा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे, पाकिस्तानी बल्लेबाज को पछाड़ा

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पावर-हिटर टिम डेविड और दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने आईसीसी टी20आई रैंकिंग में भारी बढ़त हासिल की है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के शीर्ष बल्लेबाज बाबर आजम तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं, जिससे भारत के वनडे कप्तान रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

डेविड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, पुरुषों की टी20ई बल्लेबाजी रैंकिंग में छह स्थानों की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके हमवतन कैमरन ग्रीन भी इसी सूची में छह स्थानों की छलांग लगाकर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के युवा ब्रेविस डार्विन में अपने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की बदौलत 100 रैंकिंग से बाहर रहने के बाद 21वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 125* रनों की धमाकेदार पारी खेलकर प्रोटियाज को तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने में मदद की। अपने पहले टी20आई शतक के साथ ब्रेविस ने दक्षिण अफ्रीका के लिए किसी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड बनाया। यह उनका इस प्रारूप में अपने देश के लिए नौवां मैच था। उनके साथी ट्रिस्टन स्टब्स टी20आई बल्लेबाजों की सूची में 12 पायदान की छलांग लगाकर 27वें स्थान पर पहुंच गए।

टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गए। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा 15 पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और लुंगी एनगिडी 14 पायदान ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर पहुंच गए।

पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ियों ने घर से बाहर जिम्बाब्वे पर 2-0 से सीरीज जीतने के बाद सफलता का स्वाद चखा। अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी को 9.12 की औसत से 16 विकेट लेने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की और टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए जिससे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस चौथे स्थान पर खिसक गए।

बल्लेबाजों की श्रेणी में रचिन रवींद्र (15 स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर), डेवोन कॉनवे (सात स्थान ऊपर चढ़कर 37वें स्थान पर) और हेनरी निकोल्स (छह स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर) को जिम्बाब्वे में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला।

वनडे सूची में पाकिस्तान के शीर्ष क्रम के स्टार बाबर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए। अपनी बेहतरीन तकनीक के लिए मशहूर बाबर ने तीन मैचों में 18.66 की औसत से 56 रन



बनाए। रोहित शर्मा दूसरे नम्बर पर जबकि शुभमन गिल पहले स्थान पर कायम हैं।

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में वेस्टइंडीज के स्पिनर गुडाकेश मोती श्रृंखला के पहले दो मैचों में एक-एक विकेट लेने के बाद पांच पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए। उनके साथी और कैरेबियाई टीम के तेज गेंदबाज जेडन सील्स 24 पायदान की छलांग लगाकर 33वें स्थान पर पहुंच गए। इस बीच पाकिस्तान के मुख्य स्पिनर अबरार अहमद तीन पायदान चढ़कर 54वें स्थान पर पहुंच गए।

# आईओए ने भारत में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए दी मंजूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के लिए देश की बोली को बुधवार को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। आज यहां आयोजित आईओए की विशेष आम बैठक (AGM) में यह फैसला लिया गया। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही रुचि पत्र जमा कर दिया था और अब उसके पास अंतिम बोली प्रस्ताव दाखिल करने के लिए 31 अगस्त तक का समय है।

बैठक के बाद IOA अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, 'मुझे खुशी है कि सभी एकमत हैं और यह सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय है और हमारी तैयारियां आगे बढ़ेंगी। हम यह नहीं कह सकते कि अहमदाबाद मेजबानी शहर होगा या नहीं। हमारे पास भुवनेश्वर और दिल्ली में भी अच्छी सुविधाएं हैं।' भारत के अलावा, नाइजीरिया, कनाडा और दो अन्य देशों ने भी इस बहु-खेल आयोजन की मेजबानी में रुचि दिखाई थी। हालांकि कनाडा ने इस वर्ष जून में इस दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया था।

खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेलों के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में प्रस्तावित आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने और गुजरात सरकार के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया। इस महीने के आखिर में एक बड़े प्रतिनिधिमंडल के आने की उम्मीद है। 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अंतिम मेजबान देश का फैसला ग्लासगो में नवंबर के अंतिम सप्ताह में राष्ट्रमंडल खेल की आम बैठक होगा।

# जेडन सील्स ने डेल स्टेन का रिकॉर्ड किया ध्वस्त, पाकिस्तान के 6 बल्लेबाजों का लिया विकेट

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने तीसरे वनडे मैच में पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज टीम ने 3 साल के बाद वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। जेडेन सील्स की कालिताना गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज ने धमाकेदार जीत अपने नाम की। वहीं इस दौरान सील्स ने दिग्गज गेंदबाज डेल स्टेन का 12 साल पुराना बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। जेडेन सील्स ने अपने वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े दर्ज किए। वेस्टइंडीज के इस गेंदबाज ने पाकिस्तान की पूरी टीम को 29.2 ओवर में 92 के स्कोर पर समेट दिया था। जेडेन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर 6 विकेट लिए। उनकी इस खतरनाक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को सिर्फ92 रनों पर ढेर कर दिया। सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में सबसे बेहतर बॉलिंग आंकड़े दर्ज किए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का 2013 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ा। डेल स्टेन ने 9 ओवर में 39 रन देकर 6 विकेट लिए थे। 295 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही उसने तीसरे ओवर में मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। सैम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक और कप्तान मोहम्मद



रिजवान को जेडेन सील्स को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। सील्स का अगला शिकार बाबर आजम बने। आगा सलमान ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। उन्हें गुडाकेश मोती ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। हसन नवाज और नसीम शाह 6 रन बनाकर आउट हुए।

# पाकिस्तान को करारी शिकस्त देकर वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा

**टरूबा (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में पाकिस्तान को 202 रन से रौंद दिया। इसके साथ ही विंडीज टीम ने सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप के नाबाद शतक के दम पर 50 ओवर में छह विकेट पर 294 रन बनाए। जवाब में मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई।

तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला पाकिस्तान ने पांच विकेट से जीता था। इसके बाद दूसरे वनडे को वेस्टइंडीज ने डकवर्थ लुईस नियम से पांच विकेट से अपने नाम किया था। इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान से मिली टी20 सीरीज में हार का बदला भी ले लिया। तीन मैचों की टी20 सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से अपने नाम की थी। शतवीर होप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, सीरीज में तीन मैचों में सबसे ज्यादा 10 विकेट लेने वाले जेडन सील्स प्लेयर




ऑफ द सीरीज बने।


पाकिस्तान के कप्तान रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही थी। ब्रैंडन किंग पांच रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद एविन लुईस और केसी कार्टी ने दूसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़े। लुईस 54 गेंद में एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 37 रन और कार्टी 17 रन बनाकर आउट हुए। फिर कप्तान होप ने शेरफेन रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए 45 रन जोड़े। रदरफोर्ड 40 गेंद में 15 रन बना सके। इसके बाद चेज ने होप के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 64 रन जोड़े।

चेज ने 29 गेंद में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 36 रन की तेजतर्रार पारी खेली। इगुडाकेश मोती पांच रन बना सके। वहीं, होप ने फिर जस्टिन ग्रीव्स के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी कर वेस्टइंडीज को 294 के स्कोर तक पहुंचाया। होप ने वनडे करियर का 18वां शतक पूरा किया। वह 94 गेंद में 10 चौके और पांच छक्कों की मदद से 120 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, ग्रीव्स ने 24 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 43 रन की नाबाद पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और अबरार अहमद को दो-दो विकेट मिले। वहीं, सैम अयूब और मोहम्मद नवाज को एक-एक विकेट मिला।

जवाब में पाकिस्तान के शीर्ष चार फ्लॉप रहे। टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इनमें से पांच बल्लेबाज तो खाता तक नहीं खोल सके। टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। सैम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक, कप्तान रिजवान, हसन अली और अबरार अहमद खाता नहीं खोल सके। वहीं, बाबर आजम नौ रन बना सके। सलमान आगा 30 रन, हसन नवाज 13 रन और मोहम्मद नवाज नाबाद 23 रन ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। हुसैन तलत एक रन और नसीम शाह छह रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इसके अलावा मोती को दो विकेट मिले। चेज ने एक विकेट लिया।

# पाकिस्तान बनाम वेस्टइंडीज : शतक के साथ शाई होप ने हासिल कर ली यह उपलब्धि

टरूबा। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में नाबाद शतक जड़ते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। शाई होप वेस्टइंडीज की ओर से वनडे फॉर्मेट में 18 शतक जड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वह सर्वाधिक शतकों के मामले में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। सबसे ज्यादा वनडे शतक जड़ने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की लिस्ट में शाई होप से ऊपर क्रिस गेल और ब्रायन लारा का नाम है। गेल ने 298 मुकाबलों में 25 शतक, जबकि ब्रायान लारा ने 295 मैचों में 19 शतक अपने नाम किए थे। शाई होप ने यह शतकीय पारी उस समय खेली, जब वेस्टइंडीज को इसकी बेहद जरूरत थी। पाकिस्तान तीन मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच अपने नाम कर चुका था, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने अगला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ऐसे में तीसरा और अंतिम मुकाबला निर्णायक बन गया। त्रिनिदाद में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम महज 68 रन तक अपने तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से शाई होप ने कप्तानी पारी खेलते हुए टीम को संभाला। शाई होप ने शेरफेन रदरफोर्ड (15) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 रन जोड़े। वहीं, जस्टिन ग्रीव्स के साथ उन्होंने 110 रन की अटूट साझेदारी करते हुए वेस्टइंडीज की पारी को 294/6 के स्कोर तक पहुंचाया। शाई होप ने 83 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके वनडे करियर का 18वां शतक था, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ यह उनका दूसरा वनडे शतक था। शाई होप ने इस पारी में 94 गेंदों का सामना किया, जिसमें पांच छक्कों और 10 चौकों के साथ 120 रन बनाए, जबकि ग्रीव्स 24 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रहे।



# हरभजन ने एशिया कप में पाकिस्तान से मैच का बहिष्कार करने की अपील की

नई दिल्ली। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने की मांग तेज होती जा रही है। कई क्रिकेट प्रशंसकों के बाद अब पूर्व स्पिनर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने भी कहा है कि इस मैच को नहीं खेलना चाहिये। एशिया कप में भारत और पाक का मुकाबला 14 सितंबर को होना है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाक से क्रिकेट मैच का विरोध किया जा रहा है। हरभजन ने कहा, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। हम उनको इतना महत्व क्यों देते हैं? हमारे जवान घर नहीं आते और हम क्रिकेट खेलने चले जाते हैं। हरभजन ने हाल में हुई विश्व चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स में भी पाक के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने की मांग की थी और इंडिया चैम्पियंस टीम ने पाक से सभी मैचों का बहिष्कार किया था। इसमें सेमीफाइनल मैच भी शामिल था। इंडिया लिजेंड्स में हरभजन सिंह के अलावा युवराज सिंह, शिखर धवन, इरफान पठान, यूसुफ पठान, सुरेश रैना जैसे पूर्व क्रिकेटर शामिल थे। इन भी ने कहा कि देश पहले है। वह फाइनल भी होता तो पाकिस्तान से नहीं खेलते। वहीं जब हरभजन से यह पूछा गया कि क्या एशिया कप में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करना चाहिए तो उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने वाले जांबाजों का उदाहरण दिया। उनका जवाब था, 'मेरे लिए हमारे देश का वो जवान जो सीमा पर खड़ा हुआ है, उनका परिवार कई दिनों तक उनको नहीं देख पाता है। उनका सर्वोच्च बलिदान हो जाता है, वो घर वापस नहीं लौट पाते हैं। उनका इतना बड़ा बलिदान होता है, वहीं हम एक क्रिकेट मैच छोड़ने पर भी फैसला नहीं कर पाये हैं।' उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का भी तो यही रुख है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। देश सबसे पहले आता है। क्रिकेट मैच न खेलना बहुत मामूली चीज है देश के सामने। उन्होंने उम्मीद जताई कि सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगी।



# यास्तिका और राधा चमकी, भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को तीन विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भाटिया ने



शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े।

शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया।

ऑफ स्पिनर एला हेवर्ड (46 रन पर दो विकेट) ने फिर 30वें और 32वें ओवर में तेजल हसब्निस और तनुश्री सरकार को आउट कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 166 रन हो गया। राघवी बिष्ट (34 गेंदों पर नाबाद 25 रन) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली और टीम को लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले अनिका लियरयोड (90 गेंदों पर नाबाद 92 रन) और रशेल ट्रेनमैन (62 गेंदों पर 51 रन) की ठोस पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहा।

# ईडी के सामने पेश हुए सुरेश रैना

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रेना बुधवार को ऑनलाइन बेटिंग ऐप (अवैध सट्टेबाजी) मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। ईडी ने रैना को पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। जिसके बाद ही वह आज पूछताछ के लिए ईडी मुख्यालय पहुंचे। रैना इस ऑनलाइन बेटिंग ऐप के ब्रांड एंबेसडर हैं और ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। पुलिस ने यह भी पाया है कि ये ऐप्स सीधे तौर पर कानूनों का उल्लंघन करते हैं। ईडी के अनुसार रैना का नाम इस मामले में उनके कुछ विज्ञापनों और एंडोर्समेंट्स के कारण जोड़ा जा रहा है। ईडी की टीम ने पूछताछ में रैना से ऑनलाइन ऐप के साथ उनके संबंधों, एंडोर्समेंट डील और किसी भी वित्तीय लेन-देन की पूरी जानकारी मांगी है। यह पूछताछ 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' के तहत हुई। जांच में यह सामने आया है कि जब ऐप यूजर द्वारा पेमेंट की जाती थी तो रोजाना रिसीवर का नाम और ब्यौरा बदल जाता था, लेकिन बाद में पैसा ऑनलाइन ऐप अकाउंट में पहुंच जाता था। इसी कारण ईडी को संदेह हुआ। इस ऐप के जरिए पैसा विदेश भेजा जा रहा था। इस प्रकार से जुड़े मामलों में रैना के अलावा कई अन्य हस्तियों के नाम भी सामने आए हैं। ईडी की जांच का दायरा कई करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी तक फैला हुआ है। जांच एजेंसी इन प्लेटफॉर्म्स के सभी प्रमोटर्स और उनसे जुड़े तमाम लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं यह प्लेटफॉर्म अपने को कौशल-आधारित खेलों की मेजबानी करने वाला प्लेटफॉर्म बताता है, पर इनमें ऐसे एल्गोरिथम का इस्तेमाल किया गया है, जो मौजूदा भारतीय कानूनों के तहत उन्हें जुए की श्रेणी में रखते हैं। ऑन लाइन ऐप ने भी रैना को गेमिंग एम्बेसडर बनाते हुए उन्हें जिम्मेदारर एंबेसडर बताया था।



# आईसीसी की दो स्तरीय प्रणाली का विरोध करेगा वेस्टइंडीज बोर्ड : क्रिस डेहरिंग

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड इस बात से चिंतित है कि अगर आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली अपनायी तो वह शीर्ष टीमों से बाहर हो जाएगी। इसका कारण है कि अभी तक डब्लयूटीसी के तीनों संस्करणों में वेस्टइंडीज की टीम आठवें स्थान पर रही है और इस बार भी उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह काफी पीछे हो गयी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहरिंग ने कहा है कि हितधारककों ने भी इस बारे में अपनी बात रखी है। इस बारे में हुई बैठक के बाद डेहरिंग ने कहा, 'हमें इस बारे में भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के सामने अपनी बात रखनी होगी। हमें उन तमाम बदलावों को लेकर अधिक सावधान रहना होगा और वेस्टइंडीज क्रिकेट के रूप में हमें यह तय करना होगा कि हम दो स्तरीय प्रणाली का सख्त विरोध करें।

इससे पहले आईसीसी ने न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज के नेतृत्व में एक कार्यसमूह (वर्किंग ग्रुप) का गठन किया था जिसका लक्ष्य 2025-2027 के चक्र से पहले डब्ल्यूटीसी में सुधार सहित अन्य मुद्दों पर विचार करना था। जुलाई में आयोजित आईसीसी की वार्षिक बैठक में दो स्तरीय प्रणाली लागू करने का मामला सबसे अहम पहलू था। वहीं आईसीसी बोर्ड में न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रतिनिधि टूज के बोर्ड को सुझाव देने की उम्मीदें हैं। दो स्तरीय प्रणाली पर पिछले 15 वर्षों से भी अधिक समय पर बहस चल रही है, आईसीसी ने साल 2009 में ही इस पर विचार करने की इच्छा व्यक्त की थी पर तब पूर्ण सदस्य देश विभिन्न कारणों से इस मामले पर सहमत नहीं रहे हैं। वेस्टइंडीज बोर्ड की आपात बैठक में क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और विव रिचड्र्स जैसे पूर्व क्रिकेटर भी शामिल थे और लॉयड ने आईसीसी द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वित्तीय हिस्से की ओर इशारा करते हुए कहा कि 70 और 80 की दशक में शीर्ष टीम और 90 के दशक में एक सफल टीम रही वेस्टइंडीज अपने प्रदर्शन में आई गिरावट के बाद भी आर्थिक सहायता की अधिकारी है।



लॉयड ने कहा, 'हमें यह देखने होगा कि आईसीसी में पैसे के बंटवारे को लेकर क्या हो रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को 18 करोड़ मिलेंगे जबकि वेस्टइंडीज को अफगानिस्तान और बांग्लादेश की तरह 8 करोड़ मिलेंगे। हम अगले 100 वर्ष तक उस ग्रुप में बने रहने से सिर्फ दो साल दूर हैं। मेरे विचार में यह सही नहीं है और हमें आवाज उठानी होगी क्योंकि जब हम अच्छा खेल रहे थे तो हर कोई हमारे साथ खेलना चाहता था। लॉयड ने आगे कहा, 'हम नियमित तौर पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से खेला करते थे और जब हम भारत या पाकिस्तान जाते थे तो मैदान पर लाखों की भीड़ एकत्रित होती थी। जिसका लाभ हमें अब मिलना चाहिये।

# सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द की, एक सप्ताह में सरेंडर करने के आदेश

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को करारा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुशील कुमार की जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश दिया है। सुशील जूनियर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी हैं। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा सुशील को दी गई जमानत रद्द करते हुए उन्हें एक सप्ताह में सरेंडर करने के लिए कहा है। सागर के पिता ने सुशील को जमानत दिये जाने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। सागर की हत्या 4 मई 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में हुए झगड़े में हुई थी। इस दौरान उनके दो दोस्तों पर भी हमला हुआ था। आरोप है कि यह हमला सुशील कुमार और उनके साथियों ने संपत्ति विवाद के कारण किया गया। सागर हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल में उसकी मौत हो गयी थी। वहीं उसके साथी भी गंभीर रुप से घायल हुए। इस मामले के बाद सुशील कुमार फरार हो गये थे। उन्हें दिल्ली पुलिस ने 23 मई 2021 को मुंडका इलाके से गिरफ्तार किया था। तब सुशील एक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की स्कूटी पर रकम लेने पहुंचे थे। गिरफ्तारी के बाद उनसे उन्हें रेलवे की नौकरी से निलंबित कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अक्टूबर 2022 में कई धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत उनपर आरोप तय किए गए। दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में सुशील को साजिश का मास्टरमाइंड बताया। पुलिस ने दावा किया कि उन्होंने कुश्ती जगत में अपना दबदबा कायम करने के लिएही ये हमला करवाया। वहीं सुशील ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि वे पहले ही साढ़े तीन साल जेल में रहे हैं। मुकदमे में अब तक 222 में से केवल 31 गवाहों के बयान दर्ज हुए हैं। इन्हीं आधारों पर दिल्ली हाईकोर्ट ने मार्च 2024 में उन्हें जमानत दी थी, जिसे शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि सुशील कुमार ने बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में रजत पदक जीता था। वहीं एशियाई खेलों में उनके नाम स्वर्ण पदक है। इसके अलावा भी इस पहलवान के नाम कई कुश्ती स्पर्धाओं में पदक हैं।



# वो पल हमेशा यादगार रहेगा, गावस्कर ने साझा किया एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पसंदीदा क्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में हुई इंग्लैंड और भारत के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी ने प्रशंसको को कई रोमांचक पल दिए। लॉर्ड्स में अंतिम दिन इंग्लैंड की जीत से लेकर ओवल में भारत की जीत तक। यह एक ऐसी सीरीज थी जिसे आने वाले वर्षो तक याद रखा जाएगा। अंततः ट्रॉफी दोनो टीमों ने 2-2 से बराबरी पर साझा की। जिसमें मेन इन ब्लू ने ओवल में पांचवे टेस्ट में 6 रन से रोमांचक जीत दर्ज की।

मोहम्मद सिराज ही थे जिन्होंने फाइनल मैच में मेहमान टीम के लिए उत्प्रेरक का काम किया। उन्होंने 103 रन देकर 5 विकेट लिए और गस एटकिंसन के रूप में मैच का आखिरी विकेट लिया। सिराज ने एक शानदार यॉर्कर से बल्लेबाज को आउट किया जिससे उनके विकेट बिखर गए और भारत ने एक शानदार जीत दर्ज की। भारत के दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के इस पल को अपना सबसे पसंदीदा पल बताया। उन्होंने कहा कि यह पल भारतीय प्रशंसको को लंबे समय तक याद रहेगा। सुनील गावस्कर ने कहा, 'श्रृंखला में कई यादगार पल होंगे। गिल की बल्लेबाजी बहुत कम ही आपको इतनी शुद्ध बल्लेबाजी देखने को मिलती है और उनकी कप्तानी, स्टोक्स का बल्ले और गेंद दोनों से अद्भुत प्रयास, भारतीय तेज गेंदबाजो के मैराथन स्पैल, जो रूट के शानदार शतक, ऋषभ पंत की बल्लेबाजी, जैसा कि केवल वह कर सकते है, और हैरी ब्रुक की भी, और दोनो की चहचहाहट भी, जैसा कि केवल वे ही कर सकते है।' गावस्कर ने आगे कहा 'लेकिन मोहम्मद सिराज की यॉर्कर हमेशा याद रहेगी जिसने गस एटकिंसन का ऑफ स्टंप उड़ा दिया और भारत को जीत दिलाकर सीरीज बराबर कर दी। टेस्ट क्रिकेट में पिछले निराशाजनक सीजन के बाद, यह निस्संदेह भारतीय क्रिकेट प्रेमियो के लिए हाल के दिनो का सबसे खुशी का पल होगा। शुक्रिया, शुभमन और आपके खिलाड़ी।' गौर है कि सिराज गेंदबाजी विभाग में भारतीय टीम के लिए स्टार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 9 पारियो में 23



विकेट अपने नाम किए। बुमराह की अनुपस्थिति में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम को बड़े विकेट दिलाने की जिम्मेदारी संभाली।

## क्यूपिड लिमिटेड का 2026 की पहली तिमाही में राजस्व 47 प्रतिशत और शुद्ध लाभ 82 प्रतिशत उछला

मुंबई, एजेंसी। क्यूपिड लिमिटेड (क्यूपिड, दी कंपनी), भारत की प्रमुख व्यक्तिगत उत्पाद निर्माता और ब्रांड, ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। क्यूपिड लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आदित्य कुमार हलवासिया, ने कहा, हम वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत मजबूत रूप से करते हुए, राजस्व और लाभप्रदता दोनों में स्वस्थ वृद्धि हासिल करने पर प्रसन्न हैं। यह मजबूत प्रदर्शन हमारे इस विश्वास को और मज़बूत करता है कि वित्त वर्ष 2026, क्यूपिड लिमिटेड के इतिहास का अब तक का सबसे मजबूत वर्ष होगा। यह हमारी केंद्रित रणनीति, संचालन में अनुशासन और पूरी क्यूपिड टीम की अटूट प्रतिबद्धता की ताकत को दर्शाता है। मजबूत ऑर्डर बुक के साथ, हम अपने लक्षित टर्नओवर को हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। रुपये-डॉलर विनिमय दर से मिलने वाले अनुकूल लाभ हमारी गति को और बढ़ावा देंगे, खासतौर पर जब इस वित्त वर्ष में निर्यात हमारे व्यवसाय का एक बड़ा हिस्सा होने का अनुमान है। उत्साहजनक रूप से, हमारा बी2सी सेगमेंट भी खासकर त्योहारी सीज़न के दौरान तेजी पकड़ रहा है और हमें विश्वास है कि हम केवल इस सेगमेंट में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेंगे। हमारा बी2सी एफएमसीजी व्यवसाय पूरे भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए तेज़ गति से बढ़ रहा है, जिससे ब्रांड की दृश्यता और उपभोक्ताओं का विश्वास और मजबूत हो रहा है। ग्राहकों से मिल रही मजबूत प्रतिक्रिया इस सेगमेंट की दीर्घकालिक वृद्धि क्षमता में हमारे विश्वास को और पुख्ता करती है। साथ ही, हम अपने मुख्य बी2सी निर्यात व्यवसाय के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, जो एक बार फिर गति पकड़ रहा है।

## वीफिन प्रमोटर्स ने किया 8.43 करोड़ का निवेश

### शेयर वारंट्स का पूर्ण रूपांतरण कर वैश्विक विस्तार

मुंबई, एजेंसी। वीफिन सॉल्यूशंस लिमिटेड एक प्रमुख तकनीकी समर्थक जो विश्व की सबसे बड़ी कार्यशील पूंजी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहा है, ने आज अपने प्रमोटरों को जारी किए गए शेयर वॉरंट्स के लिए अंतिम सब्सक्रिप्शन राशि की सफल प्राप्ति की घोषणा की। यह 4,20,000 कन्वर्टिबल वॉरंट्स को इक्विटी शेयरों में परिवर्तित करके ?8.43 करोड़ की पूंजी प्रविष्टि के पूर्ण होने का संकेत है। मार्च 2024 में मूल रूप से आवंटित किए गए ये वॉरंट्स प्रमोटरों श्री राजा देबनाथ और श्री गौतम उदानी द्वारा सब्सक्राइब किए गए थे। स्श्वक्ष्ठ के नियमों के अनुसार, आवंटन के समय इश्यू मूल्य का 25 प्रतिशत भुगतान किया गया था, जबकि शेष 75 प्रतिशत अब पूरी तरह प्राप्त हो चुका है। इस विकास से प्रमोटरों के वीफिन की दीर्घकालिक रणनीति में निरंतर विश्वास की पुष्टि होती है और कंपनी की पूंजी स्थिति को और मजबूत करते हुए इसके अगले विकास चरण को आगे बढ़ाने में सहायता मिलती है। इस पूंजी प्रविष्टि से वीफिन की वित्तीय लचीलापन बढ़ता है, जिससे प्लेटफॉर्म नवाचार, अंतरराष्ट्रीय बाजार विस्तार और चल रही रणनीतिक एकीकरण में तेज निवेश करना संभव होता है। एपीआई-फर्स्ट उत्पाद सूट और बढ़ते वैश्विक ग्राहक आधार के साथ, वीफिन कार्यशील पूंजी वित्त इकोसिस्टम में उच्च प्रभावी, मॉड्यूलर समाधान प्रदान करते हुए स्थायी रूप से विस्तार करने के लिए अच्छी स्थिति में है। यह पूंजी प्रविष्टि वीफिन की हाल ही में की गई घोषणा के बाद हुई है, जिसमें उसने अपनी सहायक कंपनियाँ—एस्टोरीफाई और ग्लोबटीएफ—को मूल कंपनी के तहत एकीकृत करने का निर्णय लिया है। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य कंपनी की सेवाओं को सप्लाई चेन फाइनेंस, डिजिटल लेंडिंग, एम्बेडेड फाइनेंस, ट्रेड फाइनेंस और कैश मैनेजमेंट के क्षेत्र में एकसाथ लाना है।

### एचडीएफसी बैंक व विनफास्ट ऑटो इंडिया ने इलेक्ट्रिक वाहनों के

# ऑटो व इन्वेंटरी फाइनेंसिंग के लिए समझौता किया



- वियतनामी कंपनी की भारतीय सब्सिडियरी के साथ समझौता करने वाला पहला भारतीय बैंक बना

मुंबई, एजेंसी। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक और विनफास्ट ऑटो इंडिया ने ग्राहकों और डीलरों के लिए ऑटो और इन्वेंटरी फाइनेंसिंग प्रदान करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विनफास्ट ऑटो इंडिया, वियतनाम की सबसे बड़ी निजी समूह विनग्रुप की वैश्विक ईवी कंपनी विनफास्ट की भारतीय सहायक कंपनी है। यह समझौता भारत में विनफास्ट के लॉन्च से पहले कंपनी द्वारा किसी बैंक के साथ किया गया पहला गठजोड़ है। इस सहयोग का उद्देश्य ग्राहकों और डीलरों के लिए समग्र वित्तीय समाधान प्रदान करना है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद प्रक्रिया अधिक सुगम और सुविधाजनक बन सके। इस समझौते के तहत ग्राहकों को विशेष और अनुकूलित फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक भारतीय उपभोक्ता ईवी अपनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। विनफास्ट, एचडीएफसी बैंक के देशभर में फैले ब्रांच नेटवर्क और डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर शहरी और उभरते बाजारों तक अपनी पहुंच बना सकेगा। यह साझेदारी भारत में टिकाऊ परिवहन के तेजी से बढ़ते बाजार को और बल देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विनफास्ट के आगामी वीएफ-6 और वीएफ-7 मॉडलों के लॉन्च की तैयारी के साथ इस समझौते के अंतर्गत मिलने वाले विशेष लाभ कंपनी की संपूर्ण वाहन श्रृंखला पर लागू होंगे।

## फतेहपुर टोंगरा रोड शिवपुरी हादसे पर थिंक गैस ने दी सफाई, साइट से दूर स्थित पाइपलाइन

शिवपुरी, एजेंसी। फतेहपुर क्षेत्र में टोंगरा रोड पर एक ऑनलाइन कंप्यूटर की दुकान के पास गैस जैसी गंध और आग बुझाने के बारे में मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कुछ रिपोर्टों के प्रकाश मेंए थिंक गैस निम्नलिखित स्पष्टीकरण देना चाहता है। कंपनी के मुताबिकए उसकी इमरजेंसी रिस्पांस टीम को बिजली के खंभे के पास ड्रेनेज एरिया से धुआं निकलने की सूचना मिली थी। निरीक्षण करने परए यह पुष्टि की गई कि जिस स्थान पर गैस की गंध और आग लगने की सूचना मिली थीए वहां थिंक गैस के स्वामित्व या प्रचालित कोई गैसीकृत पाइपलाइन या संबंधित अवसंरचना नहीं है। क्षेत्र में कंपनी की गैस पाइपलाइन विचाराधीन साइट से काफी दूरी पर स्थित है।

## जापानी ईवी निर्माता टेरा मोटर्स ने एमपी में की एंट्री

### ऑन-रोड कीमत रुपये 3.74 लाख

रीवा। जापान की इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता कंपनी टेरा मोटर्स ने मध्य प्रदेश में अपने पहले एल5 हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक ऑटो की डीलरशिप के साथ प्रवेश किया है। यह कदम कंपनी की रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह राज्य में बढ़ती ईवी स्वीकार्यता का लाभ उठाकर भारत के टॉप 5 थ्री-व्हीलर बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। टेरा मोटर्स पिछले एक दशक से भारत के इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ई-रिक्शा क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी को मध्य प्रदेश में अच्छे व्यापारिक अवसर दिख रहे हैं, खासकर मजबूत डीलर इंटरेस्ट और प्रतिस्पर्धी प्रोडक्ट ऑफरिंग्स के कारण। हाल ही के महीनों में, कई प्रमुख ईवी डीलर्स ने अन्य ओईएम कंपनियों को छोड़कर टेरा मोटर्स से जुड़ने का निर्णय लिया है। इसके पीछे कंपनी की किफायती कीमतें, जापानी ब्रांड पर विश्वास और सशक्त सपोर्ट इंफ्रास्ट्रख मुख्य कारण रहे हैं।इंदौर में नियुक्त किया गया नया डीलर - जो पहले एक अग्रणी ओईएम का टॉप-सेलिंग पार्टनर था - उसने टेरा से जुड़ने का निर्णय लिया, क्योंकि कंपनी किफायती कीमतों, टेरा फाइनेंस के ज़रिए इन-हाउस फाइनेंसिंग, और जापानी ब्रांड पर विश्वास जैसी सुविधाएं दे रही है। टेरा मोटर्स पहले ही उत्तर प्रदेश में कई प्रमुख थ्री-व्हीलर डीलर्स के साथ साझेदारी कर चुकी है और मध्य प्रदेश में भी इसी रणनीति को अपनाने की योजना बना रही है। ऑन-रोड कीमत रुपये 3.74 लाख से शुरू होकर और एक बार चार्ज करने पर 200 किलोमीटर तक की रेंज के साथ, कंपनी का लक्ष्य है कि हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को चालकों और डीलरों दोनों के लिए सुलभ और लाभदायक बनाया जाए। मध्य प्रदेश हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है, टेरा मोटर्स के प्रवक्ता ने कहा।

## एसएलएटी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

### भावी लॉ प्रोफेशनल्स के लिए सुनहरा मौका

नई दिल्ली। सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो लॉ एजुकेशन में भविष्य बनाना चाहते हैं। एसएलएटी एग्जाम की तारीख 20 दिसंबर 2025 (शनिवार) और 28 दिसंबर 2025 (रविवार) तय की गई हैं। एसएलएटी एग्जाम का आयोजन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) द्वारा किया जाता है। यह एग्जाम पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों में अंडरग्रेजुएट लॉ कोर्सेस में एडमिशन के लिए ज़रूरी है। एसएलएटी 2026 एग्जाम देश भर के 68 शहरों में आयोजित किया जाएगा और इसे लॉ एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये एग्जाम कंप्यूटर-आधारित टेस्ट होता है, जिसमें 60 मिनट में कुल 60 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। यह परीक्षा हर साल केवल दिसंबर महीने में आयोजित की जाती है। इसमें लॉजिकल रीजनिंग, लीगल रीजनिंग, एनालिटिकल रीजनिंग, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, और जनरल नॉलेज जैसे विषयों में हर एक से कुल 12 प्रश्न पूछे जाते हैं।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एंथे के 16 शानदार वर्षों का जश्न मनाते हुए एंथे 2025 लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। छात्रों के सपनों को कामयाबी में बदलते हुए 16 सफल साल पूरे करने पर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड जो टेस्ट प्रिपरेशन में देश की अग्रणी संस्था है ने अपने प्रमुख इनिशिएटिव एंथे 2025 की शुरुआत का ऐलान किया है। भारत के एकेडमिक कैलेंडर में हर साल का सबसे बहुप्रतीक्षित इवेंट माने जाने वाले एंथे 2025 का मकसद, कक्षा 5वीं से 12वीं तक के छात्रों को चुनौतियों से लड़ने और असली प्रॉब्लम सॉल्वर बनने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी तक पहुँचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, एंथे 2025 में स्टूडेंट्स को 250 करोड़ तक की स्कॉलरशिप दी जा रही है, जो क्लासरूम, आकाश डिजिटल और इन्विक्टस कोर्सेस पर लागू होगी।

# रेमेडियम लाइफकेयर ने 6 की पहली तिमाही में कमाया 464.88 लाख का मुनाफा

### 5 के वार्षिक लाभ से दोगुना, एक्सपान्शन प्लान्स को मिली रफ्तार

मुंबई, एजेंसी। फार्मास्यूटिकल सप्लाई चेन और स्पेशलिटी केमिकल्स सेक्टर में तेजी से उभरता हुई कंपनी रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड, ने 30 जून 2025 को पूरी हुई तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुनाफे में जबरदस्त सुधार दर्शाया है।

कंपनी ने क्त16 में 464.88 लाख का प्रोफिट आफ्टर टेक्सेशन दर्ज किया, जबकि पिछली तिमाही क्त45 में कंपनी को 204.60 लाख का घाटा हुआ था। खास बात यह भी है कि सिर्फ पहली तिमाही का मुनाफा ही पूरे 5 के कुल मुनाफे 212.94 लाख से दोगुना है जो कंपनी का मजबूत ओपरेशनल मोमेन्टम और प्रोफिट में बड़े सुधार को दर्शाता है।

इस तिमाही के दौरान रेमेडियम लाइफकेयर का ओपरेशन्स से राजस्व 11,336.67 लाख रहा, जबकि प्रोफिट बिफोर टेक्स 571.23 लाख तक पहुंच गया। यह उपलब्धि कोस्ट मेनेजमेन्ट और ओपरेशनल एफिशियेन्सी पर कंपनी के द्वारा किये गए फोकस को दर्शाता है। कंपनी ने अपनी रणनीति के द्वारा आने वाले समय के लिए सतत विकास की नींव रख दी है।

इस पर्फोमन्स के बारे में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आदर्श मुन्जाल ने कहा, यह तिमाही हमारे लिए एक महत्वपूर्ण माईलस्टोन है। ओपरेशनल एफिशियेन्सी और विवेकपूर्ण फायनान्शियल मेनेजमेन्ट पर हमारे फोकस ने हमें मजबूत टर्नअराउंड दिया है।

हमारा क्त का मुनाफा पूरे 5 के लाभ से बढ़कर है। हम इस मोमेन्टम को बरकरार रखते हुए अपने शेयरधारकों को सतत मूल्य प्रदान करने और हेल्थकेयर व फार्मास्यूटिकल सेक्टर में ग्रोथ को अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# टैफे का मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट सीज़न 2

### विजेता को मिला बिल्कुल नया मैसी फर्ग्यूसन 254 डाइनास्मार्ट 2 डब्ल्यूडी ट्रैक्टर




चेन्नई, एजेंसी। टैफे- ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, जो दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माताओं में से एक है और भारत में मशहूर मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर्स का निर्माता है, ने अपने मैसी डाइनास्टार कॉन्टेस्ट - सीज़न 2, 2025 सबसेबड़ेऑलराउंडर की तलाश का सफल समापन किया। टैफे की यह अग्रणी पहल बहुमुखी मैसी फर्ग्यूसन डाइनाट्रैक 241 ट्रैक्टर की क्षमता से संचालित मौलिक, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रभावशाली विचारों को खोजने और सम्मानित करने का उद्देश्य रखती है।

सीज़न 2 में हुई प्रतियोगिता को लोगों ने बहुत पसंद किया। इसमें 26 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों से 16,000 से भी ज़्यादा एंट्री प्राप्त हुई, जिससे पता चलता है कि हमारे देश में खेती-बाड़ी में कितनी विविधता है। इन सब में से 12 फाइनलिस्ट चुने गए, जो 7 राज्यों - असम, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश - से थे। इस प्रतियोगिता में किसानों, गाँव के उद्यमियों और कृषि-छात्रों ने हिस्सा लिया, जिससे ज़मीनी स्तर पर नवाचार की एक बहुत ही जीवंत संस्कृति देखने को मिली।

हाल ही में हुए ग्रैंड फिनाले में एक प्रतिष्ठित ग्रैंड जूरी थी, जिसमें सेल्स एंड मार्केटिंग, ऑपरेशंस, और प्रोडक्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों के अनुभवी लोग शामिल थे। फाइनलिस्ट का मूल्यांकन नवाचार, व्यावहारिकता, विस्तार की संभावनाओं, आय उत्पन्न करने की क्षमता और सामाजिक प्रभाव के आधार पर किया गया।

## शालीमार एजेंसिज़ लिमिटेड ने नाम बदलकर स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड किया

मुंबई, एजेंसी। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड जिसे पहले शालीमार एजेंसिज़ लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने 11 अगस्त 2025 से अपना नाम आधिकारिक रूप से बदल लिया है। कंपनी का बोर्ड 14 अगस्त 2025 को बैठक करेगा, जिसमें 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड ने 11 अगस्त 2025 को अपना नया नाम औपचारिक रूप से अपनाया। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स, जिसकी स्थापना 2019 में भारत में हुई, एक तेज़ी से विकसित हो रही फूड और टेक कंपनी है, जिसके संचालन भारत, अमेरिका और कनाडा में हैं।

## कोटक महिंद्रा बैंक और ज्योति सीएनसी ने एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी

### पेश किए विशेष रूप से तैयार उपकरण फाइनेंसिंग समाधान

मुंबई, एजेंसी। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने भारत की अग्रणी सीएनसी मशीन निर्माता कंपनी ज्योति सीएनसी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत, मशीन टूल सेक्टर से जुड़े छोटे और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विशेष रूप से डिजाइन किए गए उपकरण फाइनेंसिंग समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे। ये सुविधाएं स्टैंडअलोन आधार पर दी जाएंगी, जिससे कारोबारियों को सीधे लाभ मिलेगा। इस साझेदारी का उद्देश्य उन्नत सीएनसी मशीनरी में निवेश करने वाले व्यवसायों के लिए पूंजी तक पहुंच को सरल और तेज बनाना है। इस व्यवस्था के तहत, कोटक महिंद्रा बैंक डिजिटल माध्यम से 3 करोड़ रुपये तक के उपकरण ऋण प्रदान करेगा, जिससे फाइनेंसिंग प्रक्रिया और तेज व सुविधाजनक हो सकेगी। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट एवं हेड - बिज़नेस बैंकिंग, एफ़्लुएंट, एनआरआई और चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, रोहित भसीन ने कहा, यह साझेदारी हर स्तर पर एमएसएमई व्यवसायों को सहयोग देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## सैमसंग ने गैलेक्सी जेड फ्लिप7 और जेड फ्लिप7 एफई पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की

गुरुग्राम, भारत - 8 अगस्त 2025 - भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज हाल ही में लॉन्च किए गए गैलेक्सी जेड फ्लिप7 और जेड फ्लिप7 एफई पर सीमित समय के आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की। नए ऑफर्स में, गैलेक्सी जेड फ्लिप7




अधिकतम 12,000 रुपये तक के बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस के साथ केवल 97,999 रुपये में उपलब्ध होगा। इसी तरह, गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई अधिकतम 10,000 रुपये के बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस के साथ केवल 85,999 रुपये में उपलब्ध होगा।

गैलेक्सी जेड फ्लिप7 और जेड फ्लिप7 एफई खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए इस डील को और आकर्षक बनाने के लिए, बैंक कैशबैक और अपग्रेड बोनस ऑफर्स को 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्प के साथ जोड़ा जा सकता है।

## ट्रांसलाइन टेक्नोलॉजीज लि. ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

मुंबई, एजेंसी। विशेष टेक्नोलॉजी-समाधान प्रदाता कंपनी ट्रांसलाइन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। यह कंपनी इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी और सर्विलांस सिस्टम, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-संचालित सॉफ्टवेयर उत्पादों के डिजाइन, विकास और डिप्लॉयमेंट पर ध्यान केंद्रित करती है। पनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से इक्विटी शेयर पूंजी से फंड जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ के ऑफर का कुल आकार 1,61,91,500 इक्विटी शेयरों तक की 'बिक्री पेशकश' है, जिसका अंकित मूल्य 2 रुपये प्रति शेयर है। ट्रांसलाइन टेक्नोलॉजीज का बिजनेस मॉडल कई स्रोतों से रेवेन्यू उत्पन्न करता है, जिसमें प्रोजेक्ट-आधारित सिस्टम इंटीग्रेशन कॉन्ट्रैक्ट, सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) सब्सक्रिप्शन, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उत्पादों की बिक्री और तकनीकी सेवाएं जैसे वार्षिक रखरखाव और मैनेज्ड सपोर्ट शामिल हैं।

## डब्ल्यूडी ब्लैक एसएन7100 एनवीएमई एसएसडी भारत में उपलब्ध हुई

मुंबई, एजेंसी। सैनडिस्क की गेमिंग ड्राइव डब्ल्यूडी ब्लैक एसएन7100 एनवीएमई एसएसडी भारत में उपलब्ध हो गई है। हाई परफॉरमेंस डब्ल्यूडी ब्लैक एसएन7100 गेमर्स के लिए बनाई गई है, ताकि वो आज के अत्यधिक विजुअल और इमर्सिव गेम खेल सकें, जो फाईल साईज़ में लगातार बढ़ते रहते हैं।




सैनडिस्क के सीनियर डायरेक्टर सेल्स इंडिया, खालिद वानी ने कहा जैसे-जैसे गेम्स की जटिलता बढ़ रही है, और उनके लिए विशाल स्टोरेज की जरूरत पड़ रही है, वैसे-वैसे गेमर्स को उच्च परफॉरमेंस वाली एसएसडी की जरूरत पड़ रही है, ताकि लंबे गेमप्ले के लिए पॉवर एफिशिएंसी मिल सके। एसएन7100 एनवीएमई एसएसडी गेमिंग की अगली जनरेशन के लिए बनाई गई ड्राइव है, जो बेहतरीन परफॉरमेंस, उच्च क्षमता और तेज लोड टाइम प्रदान करती है। यह गेमर्स को अपना सबसे अच्छा गेम दिखाने में मदद करती है।

# ओप्पो इंडिया ने पेश की ओप्पो के13 टर्बो सीरीज 5जी




मुंबई, एजेंसी। ओप्पो इंडिया ने ओप्पो के13 टर्बो सीरीज 5जी पेश की है। इस सीरीज़ में दो स्मार्टफोन हैं, ओप्पो के13 टर्बो प्रो 5जी और ओप्पो के13 टर्बो 5जी। ये बिल्ट-इन कूलिंग फैन के साथ आने वाले भारत के पहले स्मार्टफोन हैं, जो स्मार्टफोन थर्मल मैनेजमेंट में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। इन्हें शानदार परफॉर्मेंस और मल्टीटास्किंग के लिए डिज़ाईन किया गया है। इसलिए यह सीरीज़ गेमिंग, हैवी मल्टीटास्किंग, और लंबे समय तक आउटडोर इस्तेमाल के लिए उत्तम है। इसमें आधुनिक एक्टिव और पैसिव थर्मल डिज़ाईन, शक्तिशाली प्रोसेसर, और 80वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग के साथ 7,000एमएएच की दमदार बैटरी दी गई है। यह 120हर्ट्ज़ आई-फ्रेंडली ई-स्पोर्ट्स लेवल की फ्लैट स्क्रीन के साथ आता है। के13 टर्बो सीरीज भारी टास्क के लिए भी सतत और हाई-परफॉर्मेंस अनुभव प्रदान करती है। इसलिए यह आज के डायनामिक और परफॉर्मेंस पर केंद्रित युवाओं के लिए उत्तम सीरीज़ है।

ओप्पो इंडिया के हेड ऑफ प्रोडक्ट कम्युनिकेशन, सैवियो डिसूज़ा ने कहा के13 टर्बो सीरीज हैवी परफॉर्मेंस पसंद करने वाले गेमर्स और हैवी यूज़र्स के लिए बनी है, जो अपने स्मार्टफोन में पॉवर, स्पीड, एंड्योरेंस के साथ बेहतरीन कूलिंग भी चाहते हैं। ये दोनों स्मार्टफोन आधुनिक थर्मल डिज़ाईन, हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट, जीवंत हाई-रिफ्रेश डिस्प्ले, और बड़ी क्षमता की बैटरी के साथ जबरदस्त परफॉर्मेंस प्रदान करते हैं। जिससे फ्लैगशिप ग्रेड की गेमिंग और पूरे दिन शानदार प्रोडक्टिविटी मिलती है। आम स्मार्टफोन में होने वाली हीटिंग और बैटरी ड्रेन की समस्या इन सीरीज़ में नहीं है।



# लेट्स प्ले गेम में नीता का किरदार निभाना बड़ी चुनौती थी

अभिनेत्री युक्ति कपूर ने अपनी आगामी फिल्म लेट्स प्ले गेम में अपने किरदार को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि उनके किरदार नीता की भावनात्मक दोहरी प्रकृति (एक ही समय में दो अलग-अलग प्रवृत्तियों के लोग) ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया। अभिनेत्री ने बताया कि इस किरदार को निभाना उनके लिए बतौर कलाकार एक बड़ी चुनौती थी, साथ ही एक सुनहरा मौका भी था, क्योंकि इस रोल में उन्हें कई तरह की भावनाओं को एक साथ जीने का मौका मिला।

युक्ति ने नीता के किरदार को लेकर कहा, नीता एक बहुत ही शांत स्वभाव की महिला है, जो बाहर से बहुत शालीन और नियंत्रित दिखाई देती है, लेकिन उसके अंदर बहुत कुछ चल रहा होता है। वह खुद को दुनिया के सामने मजबूत और सहज दिखाती है। वह अपने दर्द को बखूबी छुपा लेती है, और यही उसकी ताकत है। मुझे इस किरदार की भावनात्मक दोहरी प्रकृति ने आकर्षित किया, वह एक साथ कमजोर और शक्तिशाली है। फिल्म में ताश के खेल से जुड़े दृश्यों की तैयारी के बारे में युक्ति ने बताया, सेट पर ताश खेलना मुझे मेरे परिवार के साथ दिवाली की रातों की याद दिलाता था। बचपन में हम सभी बिना किसी गंभीरता के ताश खेलते थे, लेकिन इस किरदार के लिए मुझे खेल को गहराई से समझना पड़ा। उन्होंने आगे कहा, शूटिंग के दौरान ब्रेक में हम सब साथ में ताश खेलते थे। यह हमारी कास्ट के लिए एक बंधन का जरिया बन गया। इसने हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को भी बेहतर बनाया। मैंने ताश इतनी अच्छी तरह सीख लिया कि इस दिवाली अगर मैं अपने परिवार या दोस्तों के साथ खेलूंगी, तो शायद मैं जीत जाऊंगी। फिल्म लेट्स प्ले गेम में अक्षित सुखीजा, डॉली चावला, कंगना शर्मा, एमी एला और रिब्बू मेहरा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म पांच शीर्ष खिलाड़ियों की कहानी है, जिनके रहस्य खेल के तीव्र होने के साथ सामने आते हैं। यह फिल्म 12 अगस्त 2025 से हंगामा ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में युक्ति पति पत्नी और पड़ोसन नामक क्राइम थ्रिलर में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने प्रतिभा का किरदार निभाया था।



# अलग-अलग इंडस्ट्री में काम करके मुझे एक नया नजरिया मिला

**अपूर्वा अरोड़ा ने 13 साल की उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। अब तक वह हिंदी, पंजाबी, कन्नड़ और गुजराती फिल्मों में काम कर चुकी हैं बातचीत में उन्होंने अपने शुरुआती दिनों की चुनौतियों के बारे में बताया। साथ ही यह भी साझा किया कि आने वाले समय में वह किन-किन प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी।**

**आपने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर करियर की शुरुआत की और अब लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम कर रही हैं। यह सफर कैसा रहा?**

सच कहूं तो मैंने कभी ये सोचा नहीं था कि चाइल्ड आर्टिस्ट के बाद मैं एक दिन लीड एक्ट्रेस बनूंगी। जब मैंने शुरुआत की थी, तब फिल्मों के बारे में मुझे ज्यादा समझ नहीं थी। बस उस वक्त मैं हर चीज को एंजॉय करती थी। जैसे सुबह जल्दी उठकर सेट पर जाना, मेकअप करवाना, स्क्रिप्ट मिलना और फिर शूट करना। उस समय ये भी दिमाग में चलता था कि क्या मुझे एक्टिंग को करियर के तौर पर आगे जारी रखना है या नहीं। लेकिन धीरे-धीरे जब समझ आई और अनुभव बढ़ा, तब एहसास हुआ कि यही मेरा पैशन है और मुझे एक्टिंग ही करनी है। अब जब पीछे मुड़कर देखती हूं, तो खुशी होती है कि मैंने सही फैसला लिया। ये सफर बहुत कुछ सिखाने वाला रहा है।

**आपने कन्नड़, पंजाबी, हिंदी और गुजराती सिनेमा में काम किया है। आपने अपने करियर को किस तरह दिशा दी?**

सच कहूं तो मैंने अपने करियर को कोई खास दिशा देने की कोशिश नहीं की। मैं बस काम करती गई और रास्ते में लोग मिलते गए, मौके मिलते गए, और चीजें होती चली गईं। शुरुआत में मेरी सोच ये थी कि किसी भी काम को बिना कोशिश किए मना नहीं करना है। मेरी डिक्शनरी में ना कहना बहुत कम था। हां, जब मैं थोड़ी बड़ी हुई, तब कुछ प्रोजेक्ट्स को जरूर मना किया। लेकिन वो भी सोच-समझकर। मेरे लिए ये हमेशा जरूरी रहा कि अगर कोई मौका मिल रहा है, तो मैं उसे हाथ से जाने न दूं, क्योंकि मेरे पास ज्यादा विकल्प नहीं थे। कोई मेरे पास आकर खुद से नहीं कहेगा कि इस प्रोजेक्ट में काम करो, हम तुम्हारे लिए पैसा लगाएंगे। जो सबसे अच्छी बात रही वो ये है कि मुझे अलग-अलग भाषाओं और इंडस्ट्रीज में काम करने का मौका मिला। हर भाषा, हर इंडस्ट्री एक नया अनुभव और नई सीख लेकर आई। अलग-अलग कल्चर को समझने और अपनाने का मौका मिला। यही मेरा असली ग्रोथ रहा है। सीखते हुए आगे बढ़ना।

### कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में मी टू मूवमेंट के बाद क्या कुछ बदलाव देखने को मिले हैं?

सच कहूं तो मी टू मूवमेंट के बाद मैंने कन्नड़ इंडस्ट्री में काम नहीं किया है। ये मेरी कोई प्लानिंग नहीं थी, बल्कि मुझे कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं मिला। हालांकि, जब मैं वहां काम कर रही थी, तब माहौल काफी सुरक्षित और प्रोफेशनल था। मेरा आखिरी प्रोजेक्ट भी एक अच्छे अनुभव के साथ खत्म हुआ। उस दौरान मैंने कई फीमेल आर्टिस्ट्स की कहानियां सुनीं, जहां उन्होंने अपने अनुभव शेयर किए कि कैसे उन्हें हैरेसमेंट का सामना करना पड़ा। मुझे उम्मीद है कि मी टू मूवमेंट के बाद इंडस्ट्री में जरूरी बदलाव हुए होंगे।

### किन-किन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं?


एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म आने वाली है। इसके अलावा कई प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं, जिनकी शूटिंग पूरी हो चुकी है लेकिन वे अभी रिलीज नहीं हुए हैं। जैसे कि एक शो है अनरियल, जो काफी अच्छा होने वाला है। इसी साल एक और फिल्म खामोश नजर आते हैं रिलीज होगी। इसके अलावा ओ मेरी नाम की एक फिल्म भी आएगी।




# कोर्टरूम ड्रामा सीरीज द ट्रायल 2 काजोल में फिर से नजर आएंगी

काजोल की वेब सीरीज द ट्रायल को काफी पसंद किया गया था। इसमें उनके काम को भी खूब सराहा गया। 14 जुलाई 2023 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई इस सीरीज के जरिए एक्ट्रेस ने ओटीटी की दुनिया में कदम रखा था। अब करीब 2 साल बाद द ट्रायल के सीक्वल की अनाउंसमेंट हो गई है, जिसके निर्देशन की कमान उमेश बिष्ट ने संभाली है। काजोल एक बार फिर नयोनिका सेनगुप्ता बनकर लौट रही हैं। पहले सीजन में नयोनिका एक ऐसी महिला के रूप में सामने आई थीं, जिसने अपने पति के लिए अपना वकालत करियर छोड़ दिया था लेकिन जब वही पति एक स्कैम में फंस गया और उसकी सच्चाई सामने आई, तब नोयोनिका को न सिर्फ अपने करियर बल्कि अपनी खुद्दारी के लिए भी लड़ना पड़ा। ये सिर्फ कानूनी लड़ाई नहीं थी, बल्कि आत्मसम्मान, रिश्तों और वफादारी की भी परीक्षा थी। बता दें कि द ट्रायल 2 की रिलीज डेट से भी परदा उठ गया है। ये सीरीज 19 सितंबर को रिलीज होगी। मेकर्स ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। पहले सीजन की तरह ही, इस बार भी कहानी कोर्टरूम और निजी जीवन के टकराव के इर्द-गिर्द घूमेगी। काजोल की ये वेब सीरीज 19 सितंबर को रिलीज होगी ।

# सूरज बड़जात्या ने सलमान के साथ फिल्म पर दिया बड़ा अपडेट





बॉलीवुड की सबसे चहेती एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ियों में से एक सलमान खान और सूरज बड़जात्या एक बार फिर साथ आने को तैयार हैं। 90 के दशक से लेकर अब तक इस जोड़ी ने दर्शकों को 'हम आपके हैं कौन', 'हम साथ साथ हैं' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी पारिवारिक फिल्मों के जरिए खूब एंटरटेन किया है। लंबे समय के इंतजार के बाद अब ये जोड़ी एक नए पारिवारिक ड्रामा और लवस्टोरी के साथ वापसी कर रही है।

### सूरज बड़जात्या ने फिल्म पर की बात

सूरज बड़जात्या ने जूम के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में जानकारी दी कि वो इस फिल्म के जरिए एक बार फिर वही पारिवारिक माहौल, सादगी और छोटे-छोटे पलों में छिपी खुशियों को दिखाने की कोशिश करेंगे, जो उनकी फिल्मों की पहचान रही हैं। उनका मानना है कि दर्शक आज भी ऐसी कहानियों से जुड़ते हैं जो दिल से कही गई हों और जिनमें रिश्तों की गर्माहट हो। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि सलमान खान के लिए फिल्म लिखना इस बार एक चुनौती है क्योंकि वो चाहते हैं कि उनका किरदार उसी मस्तीभरे अंदाज में हो, लेकिन उम्र के अनुसार थोड़ा परिपक्व भी दिखे। इंटरव्यू में सूरज ने बताया है कि फिल्म की आधिकारिक घोषणा नवंबर में की जाएगी।


### फिल्म की स्टारकास्ट

इस फिल्म को एक रोमांटिक फैमिली ड्रामा बताया जा रहा है, जो राजश्री प्रोडक्शन की बाकी फिल्मों की ही तरह होगी। हालांकि अभी फिल्म में कौन काम करेगा, उनके नामों का खुलासा नहीं किया गया है। सूरज बड़जात्या ने बस इतना कहा कि ये फिल्म दर्शकों को एक ऐसा अनुभव देगी, जिसमें रिश्ते, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों की झलक मिलेगी।

# प्री-प्रोडक्शन फेज में है नैचुरल स्टार नानी की फिल्म ब्लडी रोमियो



साउथ के नैचुरल स्टार नानी जल्द ही एक नई एक्शन ड्रामा फिल्म ब्लडी रोमियो में नजर आएंगे। इसका निर्देशन साहो फेम सुजीत कर रहे हैं। यह फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल रिलीज होनी है। नानी फिलहाल श्रीकांत ओडेला की एक और एक्शन ड्रामा फिल्म द पैराडाइज की शूटिंग कर रहे हैं, वह भी अगले साल गर्मियों में रिलीज होगी। वहीं सुजीत अभी पवन कल्याण की फिल्म ह्नल के पोस्ट-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं। OG की रिलीज के बाद वे इस प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है और अब कास्ट और तकनीकी टीम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नानी खुद इस फिल्म की तैयारियों पर नजर बनाए हुए हैं। श्याम सिंघा रॉय के प्रोड्यूसर वेंकट बोयनापल्ली इस फिल्म को निहारिका एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की शूटिंग फरवरी 2026 से शुरू होने की संभावना है। साथ ही नानी ने ये संकेत दिए हैं कि कार्थिक सुब्बराज के साथ भी उनकी एक फिल्म की चर्चा चल रही है।



# तन्वीः द... का विषय ऑटिज्म पर है

**अनुपम खेर की फिल्म तन्वीः द ग्रेट ऑटिज़्म और सपनों को लेकर एक संवेदनशील कहानी है, जिसे उन्होंने निर्देशित भी किया है। उन्होंने फिल्म पर प्रतिक्रिया और करियर के अनुभव साझा किए...**

**क्या फिल्म को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया उम्मीद से बढ़कर रही?**

बिल्कुल। दर्शकों से इतनी गहराई से जुड़ी प्रतिक्रियाएं पहले कभी नहीं मिलीं। एक 65 साल की महिला ने इसे अपनी जिंदगी की सबसे बेहतरीन फिल्म बताया। दिल्ली के डीएवी स्कूल जैसे संस्थान इसे छात्रों को दिखा रहे हैं। यह सिर्फ फिल्म नहीं, एक अनुभव बन गई है।

**समाज में विशेष बच्चों को लेकर संवेदनशीलता की कमी क्यों है?**

हमें किसी एक घटना से पूरे समाज का आकलन नहीं करना चाहिए। कुछ मामलों में मानसिक बीमारी या असहायता हो सकती है। लेकिन अब जागरूकता बढ़ रही है और तन्वी जैसी फिल्में इसी दिशा में बड़ा योगदान दे रही हैं।

**सिनेमा क्या लोगों की सोच बदल सकता है?**

सिनेमा सिर्फ पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि समाज को प्रभावित करने की ताकत भी है। एक सच्ची और प्रेरणादायक कहानी दर्शकों के जेहन में रह जाती है और सोच में बदलाव लाती है। यह एक ऐसी बेटी की कहानी है जो अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

**इस फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर क्या स्थिति है?**

हमारे डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी और एक्सेल एंटरटेनमेंट इस पर काम कर रहे हैं। जैसे ही डील फाइनल होगी, फिल्म ओटीटी पर स्ट्रीम होगी।

**बतौर निर्देशक अगली फिल्म किस विषय पर होगी?**

मेरे पास कुछ अलग-अलग कहानियां हैं जिन पर काम कर रहा हूं। पहले अभिनेता के तौर पर अपने रुके हुए प्रोजेक्ट पूरे करूंगा, फिर अगली डायरेक्शन शुरू करूंगा। निर्देशन में मुझे बहुत आनंद आया। तन्वीः द ग्रेट ने भीतर तक झकझोरा है। फिल्म की स्कूलों में स्क्रीनिंग हो रही। इसे पैसे से नहीं तौल सकते।

**अब तक की बायोपिक्स में सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार कौन-सा रहा?**

डॉ. मनमोहन सिंह का किरदार सबसे कठिन था। लोग उन्हें रोज टीवी पर देखते हैं, तो एक सीमित दायरे में रहकर गहराई दिखाना आसान नहीं था। इस रोल पर मैंने करीब 8-9 महीने काम किया। बाकी जो किरदार मैंने निभाए हैं, वे आज के दौर में इतने प्रचलित नहीं हैं, जैसे जयप्रकाश नारायण जी का किरदार। अभी मैं एक और किरदार पर काम कर रहा हूं जिसके बारे में जल्दी ही सभी को पता चलेगा।

**इसे तारे जमीन पर जैसी शैली में क्यों नहीं दिखाया?**

यह कहानी किसी सोच-समझ के तहत नहीं, बल्कि दिल से निकली है। यह सिर्फ ऑटिज़्म नहीं, बल्कि पिता-बेटी के रिश्ते, मां के संघर्ष, दादा के सपनों और भारतीय सेना की मदद से एक बच्ची की उड़ान की कहानी है। इसमें संगीत और भावना दोनों हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in